भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 313 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 08 नवम्बर 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## यूपी सरकार का दावा, कोरोना पर पाया नियंत्रण, 69 जिलों में नहीं मिला कोई नया केस

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में कोरोना वायरस पर प्रभावी नियंत्रण होने का दवा करते हुए कहा है कि पर्याप्त निगरानी और परीक्षण की कारगर रणनीति के परिणामस्वरूप कोरोना काबू में है। राज्य सरकार ने रविवार को एक बयान में कहा कि जनसंख्या के आधार पर देश के सबसे बड़े राज्य के 42 जिलों में पिछले 24 घंटों में एक भी संक्रमित मरीज नहीं मिला है। जबकि 17 जिलों में अब सिर्फ 01-01 मरीज ही उपचाराधीन हैं। सरकार का दावा है कि पिछले 24 घंटों में हुई 73 हजार 204 सैम्पल की जांच में 69 जिलों में एक भी नया मरीज नहीं पाया गया। केवल 06 जिलों में कुल 11 संक्रमितों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 09 संक्रमित कोरोना मुक्त भी हुए। उत्तर प्रदेश में रविवार तक कुल एक्टिव कोविड केस की संख्या 85 है, जबकि 16 लाख 87 हजार 216 मरीज कोरोना को मात दे चुके हैं। टीकाकरण के मामले में भी उत्तर प्रदेश बेहतर प्रदर्शन का सरकार ने दावा किया है। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक राज्य में अब तक 13 करोड़ 29 लाख से अधिक कोविड वैक्सीन की डोज दी जा चुकी हैं।

### एनईसी बैठक के बाद बोलीं सीतारमण

# लॉकडाउन के 48 घंटों में हमने बदली 80 करोड़ जिंदगियां

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य अगले साल होने वाले पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी की रणनीति तय करना था।



सीतारमण ने कहा कि हमे आज भी याद है कि लॉकडाउन के 48 घंटों के भीतर हमारी सरकार ने ऐतिहासिक फैसला लेकर 80 करोड़ लोगों के लिए मुफ्त राशन की व्यवस्था की थी। रविवार को राजधानी दिल्ली में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का आयोजन किया गया था। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी समेत भाजपा के तमाम नेता और केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। कोरोना काल में ये पहली बार रहा जब भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सभी नेताओं को आमंत्रण दिया गया था। बैठक के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण ने पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कोविड -19 (कोरोनावायरस) महामारी के नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए की गई विभिन्न पहलों के लिए केंद्र की सराहना की। समाचार एजेंसी एएनआई ने उनके हवाले से कहा, भारत में किए गए टीकाकरण के सराहनीय कार्य की सराहना करते हुए हमें यह भी याद है कि कैसे विपक्षी दलों ने शुरू से ही सरकार द्वारा किए गए टीकाकरण पर कई सवाल उठाए थे। सीतारमण ने कहा, लॉकडाउन की घोषणा के 48 घंटों के भीतर सरकार ने पूरे आठ महीनों तक 80 करोड़ लोगों के लिए मुफ्त भोजन की व्यवस्था की। अनाथ बच्चों के लिए 'पीएम-केयर्स फॉर चिल्ड्रन' कार्यक्रम ने दुनिया को दिखाया कि कैसे पीएम मोदी और हमारी सरकार उनकी देखभाल करती है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड योजना को भी तेजी से लागू किया।

केंद्रीय मंत्री ने पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा के शिकार लोगों के न्याय के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता की बात कही। उन्होंने कहा, हम सभी कानूनी प्रक्रियाओं के दौरान उनके साथ खड़े रहेंगे और बंगाल में पार्टी के हर भाजपा कार्यकर्ता का समर्थन करेंगे। निर्मला सीतारमण ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से जुड़ी घटनाओं में कमी आई है। एएनआई ने सीतारमण के हवाले से कहा, आंकड़ों की मानें तो 2004-14 तक जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले में 2081 लोगों की जान गई। जबकि 2014 से सितंबर 2021 तक जम्मू-कश्मीर में मजह 239 नागरिक मारे गए। इससे साफ पता चलता है कि धारा 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास कार्यों की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हमने इस बात पर भी चर्चा की कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद कैसे ब्लॉक विकास परिषदों और जिला विकास परिषद के चुनाव हुए और कैसे लोग लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए बाहर आने के इच्छुक हैं।

## देश में 33 लाख से अधिक बच्चे कुपोषित, महाराष्ट्र, बिहार और गुजरात में सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में 33 लाख से अधिक बच्चे कुपोषित हैं और उनमें से आधे से अधिक गंभीर की श्रेणी हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक आरटीआई के जवाब में यह जानकारी देते हुए कहा कि कुपषोति बच्चों के मामले में महाराष्ट्र, बिहार और गुजरात टॉप पर हैं। मंत्रालय ने चिंता जताते हुए कहा है कि कोविड महामारी से गरीब से गरीब व्यक्ति में स्वास्थ्य और पोषण संकट और बढ़ सकता है। मंत्रालय ने 14 अक्टूबर 2021 तक के दिए अपने अनुमान में बताया है कि देश में 17,76,902 गंभीर रूप से कुपोषित बच्चे और 15,46,420 मध्यम रूप से गंभीर कुपोषित (एमएएम) हैं। 14 अक्टूबर, 2021 तक के बच्चे। मंत्रालय ने पीटीआई के एक आरटीआई प्रश्न के जवाब में कहा, ये आंकड़े देश के 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के हैं। ये आंकड़े अपने आप में खतरनाक हैं, लेकिन पिछले नवंबर के आंकड़ों से तुलना करने पर ये और भी ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं। नवंबर 2020 और 14 अक्टूबर, 2021 के बीच एसएएम बच्चों की संख्या में 91 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है जो अब 9,27,606 (9.27 लाख) से बढ़कर 17.76 लाख हो गई है।



हालांकि, दोनों साल के आंकड़े अलग-अलग तरीकों से तैयार किए गए हैं। नए आंकड़े पोषम ट्रैकर के जरिए तैयार किए गए हैं जहां, आंगनवाड़ियों द्वारा सीधे नंबर दर्ज किए गए थे और केंद्र की ओर से उसके एक्सेस किया गया। इसमें बच्चों के आयु वर्ग को नहीं बताया गया है। एमएएम और एसएएम दोनों का बच्चे के स्वास्थ्य पर गंभीर स्वास्थ्य प्रभाव पड़ता है। एसएएम से पीड़ित बच्चों का वजन उनकी ऊंचाई के हिसाब से बहुत कम होता है, और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण बीमारियों के मामले में उनके मरने की संभावना नौ गुना अधिक होती है। एमएएम से पीड़ित लोगों को भी बचपन में रुग्णता और मृत्यु दर का खतरा बढ़ जाता है। आरटीआई के जवाब कहा गया है कि महाराष्ट्र में कुपोषित बच्चों की संख्या सबसे अधिक 6,16,772 (6.16 लाख) दर्ज की गई, जिसमें 1,57,984 (1.57 लाख) एमएएम बच्चे और 4,58,788 (4.58 लाख) एसएएम बच्चे हैं।

## टीम इंडिया वर्ल्ड कप से बाहर, न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को 8 विकेट से हराया

**अबुधाबी (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने सुपर-12 के 40वें मुकाबले में अफगानिस्तान को 8 विकेट से हरा दिया है। न्यूजीलैंड की जीत के साथ ही भारतीय टीम के सेमीफाइनल में जगह बनाने की उम्मीदें भी समाप्त हो गई है। अगर इस मैच में कीवी टीम हारती तो ही भारत टॉप-4 में आगे बढ़ सकता था, लेकिन ऐसा देखने को नहीं मिला। ठे ने ना सिर्फ मैच जीता बल्कि सेमीफाइनल का टिकट भी कटा लिया। मैच का स्कोर देखने के लिए यहां क्लिक करें टॉस जीतकर पहले खेलते हुए अफगानिस्तान के बल्लेबाजों ने निराश किया और टीम 20 ओवरों के खेल में 124/8 का स्कोर ही बना सकी। नजीबुल्लाह जादरान 73 टॉप स्कोरर रहे, जबकि ट्रेंट बोल्ट के खाते में 3 विकेट आई। 125 रनों के टारगेट को कीवी टीम ने बहुत ही आसानी के साथ 18.1 ओवर के खेल में सिर्फ 2 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।




टारगेट का पीछा करते हुए कीवी टीम की शुरूआत कुछ खास नहीं रही और चौथे ओवर की पहली ही गेंद पर मुजीब उर रहमान ने डेरिल मिचेल (17) को आउट किया। ठे का दूसरा विकेट राशिद खान ने मार्टिन गुप्टिल (28) को आउट कर चटकाया। हालांकि, इसके बाद डेवॉन कॉनवे और केन विलियम्सन ने अत्र्क्षृ कोई मौका नहीं दिया। दोनों खिलाड़ियों ने तीसरे विकेट के लिए 56 गेंदों पर 68 रन जोड़े और टीम को जीत दिलाकर मैदान से बाहर लौटे। विलियम्सन ने 42 गेंदों पर नाबाद 40 और कॉनवे ने 32 गेंदों पर नाबाद 36 रनों की पारी खेली। 11वें ओवर अफगानिस्तान टीम ने डेवॉन कॉनवे के विकेट का एक बड़ा मौका गंवाया।

## पीएम मोदी और सीएम योगी को बम से उड़ाने की धमकी, क्राइम ब्रांच कर रही है जांच

**लखनऊ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर बम से हमला करने की धमकी 112 कंट्रोल रूम के ट्विटर हैंडल पर भेजी गई थी। धमकी भरा पोस्ट आने पर मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच को जांच सौंपी गई है। दीपावली वाले दिन 112 कंट्रोल रूम के ट्विटर हैंडल पर दीपक शर्मा नाम के अकाउंट से मैसेज आया था। जिसमें पीएम और सीएम पर बम से हमला किए जाने की बात लिखी है। ट्वीट में कई अन्य आपत्तिजनक शब्दों का भी इस्तेमाल किया गया है। जेसीपी क्राइम नीलाब्जा चौधरी के मुताबिक धमकी भरा ट्वीट भेजने वाले ट्विटर हैंडल के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है। जेसीपी के मुताबिक जल्द ही धमकी देने वाले को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पीएम मोदी का कार्यकताओं को संदेश

# बीजेपी कोई परिवार आधारित पार्टी नहीं, सेवा, संकल्प और समर्पण हैं इसके मूल्य

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एकदिवसीय बैठक के समापन भाषण में प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों खासकर, कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा कोई परिवार अधारित पार्टी नहीं है। प्रधानमंत्री के संबोधन की जानकारी मीडिया से साझा करते हुए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि मोदी ने आने वाले समय में भाजपा की कार्यनीति को बनाने के लिए एक बड़ा मंत्र सभी कार्यकर्ताओं को दिया। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं को सामान्य आदमी के मन के विश्वास का सेतु बनना चाहिए।' यादव के मुताबिक,



प्रधानमंत्री ने पार्टी के इतिहास को रेखांकित करते हुए कहा कि भाजपा ने आज केंद्र में जो स्थान पाया है, उसका बहुत बड़ा कारण है कि पार्टी प्रारंभिक काल से लेकर और अभी तक सामान्य व्यक्ति से हमेशा जुड़ी रहती है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'भाजपा कोई परिवार आधारित पार्टी नहीं है। पार्टी जिन मूल्यों को लेकर चली है, उसमें सेवा, संकल्प और समर्पण जुड़ा है...कोई एक परिवार के साथ जुड़कर नहीं। पार्टी की परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए और कड़ी मेहनत व परिश्रम के कारण हम आगे बढ़े हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा के कार्यकताओं को आने वाले समय में इसी विश्वास और अपनत्व को लेकर चलना होगा।

उन्होंने कहा बैठक में पंजाब के पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा आने वाले समय में भाजपा सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी इस तैयारी के साथ सारे विषयों को रखा गया। दूसरे सत्र में गोवा, उत्तराखंड, मणिपुर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और प्रदेश अध्यक्षों के द्वारा आने वाले समय में भाजपा चुनाव के संबंध में पूरा विषय रखा गया।

## अमिताभ बच्चन ने बॉलीवुड में पूरे किए 52 साल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन (अ्रेउुँ इूॅल्ल) सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहते हैं। वो अपने फैंस के बीच चर्चा में बनी रहने के लिए आए दिन दिलचस्प पोस्ट शेयर करती दिखाई दे जाती हैं। वहीं, हाल ही में वो अपने एक ऐसे ही पोस्ट के कारण सुर्खियों में आ गए हैं। इस पोस्ट के जरिए उन्होंने बॉलीवुड में अपने 52 साल पूरे होने की खुशी जाहिर की है। उन्होंने अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म से एक तस्वीर भी शेयर की है। जिसमें अमिताभ बच्चन का स्टाइल लोगों को खूब पसंद आय आ रहा है। अमिताभ बच्चन ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमें उन्होंने अपनी एक तस्वीर शेयर की है। ये ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर उनकी पहली फिल्म की है। जिसमें अमिताभ बच्चन को देखकर उनके कई फैंस चौंक गए हैं। क्योंकि वो काफी अलग नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट में अमिताभ बच्चन ने बताया है कि उन्होंने बॉलीवुड में पांच दशक यानी 52 साल पूरे कर लिए हैं। इस तस्वीर के साथ अमिताभ ने कैप्शन में लिखा- '15 फरवरी 1969 को मैंने अपनी पहली फिल्म सात हिंदुस्तानी साइन की थी औक ये 7 नवंबर 1969 को रिलीज हुई थी... 52 साल... आज'। अमिताभ के इस पोस्ट पर ताबड़तोड़ प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। कई लोग उनकी हिट फिल्मों की लिस्ट गिनाते नजर आ रहे हैं तो कई लोग उन्हें शुभकामनाएं देते दिखाई दे रही हैं। कई सेलेब्रिटीज ने भी इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए बिग बी की तारीफों के पुल बांधे हैं।

## यूपी में संविदा कर्मियों को परमानेंट करने की तैयारी में योगी सरकार, शासन ने विभाग से मांगे प्रस्ताव

**लखनऊ (एजेंसी)।** निकायों और जल संस्थानों में अभी तक बचे हुए दैनिक वेतन भोगी, वर्कचार्ज और संविदा कर्मियों को विनियमित करने के लिए अधिसंख्य पद सृजित किए जाएंगे। स्थानीय निकाय निदेशालय ने इस संबंध में निकायों से प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने सरकारी विभागों में दैनिक वेतन भोगी, वर्कचार्ज और संविदा पर 31 दिसंबर 2001 तक काम करने वालों को विनियमित किया गया। इसके बाद भी निकायों में कई कर्मचारी छूट गए। इसको लेकर विभिन्न न्यायालयों में मुकदमें चल रहे हैं। स्थानीय निकाय निदेशालय चाहता है कि ऐसे कर्मियों को अधिसंख्य पद सृजित कर उन्हें स्थाई कर दिया जाए, जिससे न्यायालयों में चल रहे मामलों को समाप्त हो जाए।



संयुक्त निदेशक स्थानीय निकाय गंगाराम गुप्ता इस संबंध में निकायों और जल संस्थानों को निर्देश भेज दिया है। इसमें कहा गया है जिन पदों पर विनियमितीकरण किया जाना है उसका परीक्षण कार्मिक विभाग की नियमावली और वेतन आयोग के शासनादेश के आधार पर प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाएगा। प्रस्ताव उपलब्ध कराने से पहले अधिसंख्य पद के सृजन का प्रस्ताव निकाय बोर्ड से पारित कराना जरूरी होगा। निकायों से कहा गया है कि इसके आधार पर प्रस्ताव उपलब्ध कराने के बाद पदों का सृजन होगा और बचे हुए ऐसे कर्मियों का समायोजन किया जाएगा। स्थानीय निकाय निदेशालय चाहता है कि पात्रता की श्रेणी में आने वालों को अनिवार्य रूप से विनियमित कर दिया जाए।

## नेपाल में बड़ा हादसा सड़क से 200 मीटर नीचे गिरकर बस पलटी, 12 यात्रियों की मौत

**बहराइच रुपईडीहा (एजेंसी)।** भाई दूज के अगले दिन नेपाल के सल्यान जिले में रविवार सुबह बड़ा हादसा हादसा हो गया। यात्रियों से भरी बस सड़क से 200 मीटर नीचे गिरकर पलट गई। हादसे में दो महिलाओं समेत अब तक 12 लोगों की मौत हो चुकी है। सल्यान जिले के जयतपानी से दांग जिले के तुलसीपुर जा रही रा 1-ख 2552 नंबर की बस कपूरकोट गांव सभा के नं पांच से होकर बह रहे खारखोला नामक पहाड़ी नाले में रविवार को पूर्वान्ह पौने ग्यारह बजे सड़क से 200 मीटर नीचे गिर कर पलट गई। नेपाल के कणार्ली प्रदेश पुलिस कार्यालय के अनुसार दुर्घटना में नौ यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन यात्रियों की इलाज के दौरान मौत हो गई। कणार्ली प्रदेश पुलिस कार्यालय सुर्खेत के डीएसपी व पुलिस प्रवक्ता माधव प्रसाद श्रेष्ठ के अनुसार बस में चालक सहित 31 लोग सवार थे, चालक फरार हो गया।



## बसपा नेताओं के अखिलेश यादव के साथ जाने पर बोलीं मायावती, सपा के लोग हमारे साथ आने को तैयार

**लखनऊ (एजेंसी)।** सपा प्रमुख ने रविवार को अंबेडकर नगर जिले में आयोजित जनादेश महारैली में कहा कि आपके क्षेत्र में भाजपा बचने वाली नहीं है, जब लालजी वर्मा, राम अचल राजभर, त्रिभुवन दत्त (पूर्व सांसद) और राम प्रसाद चौधरी (पूर्व मंत्री) साथ खड़े हों, तो भाजपा बचने वाली नहीं है। यह जनसैलाब इतिहास लिखने वाला है। इस रैली में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व नेता राम अचल राजभर और लालजी वर्मा ने विधिवत सपा में शामिल होने की घोषणा की। वर्मा और राजभर ने 25 अक्टूबर को ही घोषणा कर दी थी कि वे सात नवंबर को अंबेडकरनगर की रैली में सपा की सदस्यता लेंगे। लालजी वर्मा अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से तथा राम अचल राजभर अकबरपुर सीट से बसपा के टिकट पर चुनाव जीते हैं। इन दोनों ही नेताओं को कभी बसपा प्रमुख मायावती का बहुत करीबी माना जाता था। राजभर बसपा के प्रदेश अध्यक्ष थे और वर्मा राज्य विधानसभा में बसपा विधायक दल के नेता थे।

## खबर संक्षेप

### स्व. लखपत यादव मनरेगा पार्क का शिलान्यास 10 नवम्बर को डीहा में

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत डीहा में 10 नवम्बर को स्व लखपत यादव के नाम से मनरेगा पार्क का शिलान्यास विधायक करछना उज्वल रमण सिंह के द्वारा किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि उज्वल रमण सिंह विधायक करछना, विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी करछना राम विलास राय,ब्लाक प्रमुख श्रीमती सरोज ,कमलेश द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य डाक्टर विजय बाबू यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुलसी राम यादव, सह संयोजक जितेन्द्र नारायण शुक्ला, लाल जी यादव, एवं संचालन ग्राम प्रधान प्रेमचन्द व प्रतिनिधि दूध नाथ यादव और क्षेत्र पंचायत सदस्य ज्ञान चंद्र यादव, प्रमोद मिश्रा, राम ललक आदि प्रमुख रूप से शिरकत करेंगे। जि.प. सदस्य डाक्टर विजय बाबू यादव दिया उन्होंने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 11 बजे आहूत है।

### बम के साथ एक गिरफ्तार

**नैनी।** कोतवाली पुलिस ने महेवा चौराहे के समीप एक ढाबा के निकट एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चार देसी बम बरामद करते हुए रविवार को चालान कर दिए। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी डभाव गांव निवासी पंकज भारतीया उर्फ ककोले है और उसके कब्जे से चार बम बरामद किया गया है।

# इरादतगंज में खड़े ट्रक से भिड़ी अप्पे एक की मौत आधा दर्जन गंभीर

अखंड भारत संदेश



`इरादतगंज हाईवे पर खड़े ट्रक के पीछे भिडी क्षतिग्रस्त अप्पे जुटी भीड़

**घूरपुर।** घूरपुर की ओर से शहर की ओर यात्रियों को भरकर जा रही एक अप्पे बेकाबू होकर खड़े ट्रक से इरादतगंज स्थित त्रिवेणी शीट ग्लास फैक्टरी गेट के सामने भिड़ गई। जिससे अप्पे में भरे आधा दर्जन से ज्यादा यात्री गम्भीर रूप से घायल हो गए ।यात्रियों की चीख पुकार सुन कुछ दूर मौजूद पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने आस पास के लोगों की मदद से घायलों को निकाल सीएचसी जसरा भेजा जहां एक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया ।बाकी घायलों को इलाज के शहर के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया । जसरा बाजार से चितौरी गांव निवासी रवि 25पुत्र राजकरन अपनी अप्पे में सवारी बैठाकर शहर की ओर जा रहा था ।अभी रवि अप्पे लेकर घूरपुर बाजार को पार करके इरादतगंज बाजार के त्रिवेणी शीट ग्लास फैक्टरी के गेट को आगे बढ़ा ही था कि नोइंटरी में पहले से खड़े एक ट्रक में अप्पे बेकाबू होकर पीछे से घुस गया ।जिससे कुलदीप कुमार 27 पता अज्ञात की मौत हो गई । साथ ही शकुंतला 67व उसका बेटा राजू निवासी मालवीयनगर प्रयागराज, अंशिका पांडेय24 व उसका भाई अंश पांडेय पुत्र राजेश पांडेय निवासी बसहरा थाना लालापुर,शौर्य त्रिपाठी 18,दिव्यांश त्रिपाठी पुत्रगण दुर्गेश त्रिपाठी निवासी इछौरा लालापुर,मासूम रौनक 10 उसकी माँ अनिता 30 ओएटनी सूरज भारतीय निवासी बेनीपुर सहित कई अन्य गम्भीर रूप से घायल हैं जिन्हें शहर के लिए रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अप्पे चालक शराब के नशे में धुत्त था।

### आत्महत्या को मजबूर करने के आरोपी की जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने झांसी, थाना एरच के अमर सिंह उर्फ पप्पू यादव की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। कहा है कि शर्तों का उल्लंघन करने पर जमानत निरस्त की जा सकती है। यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल ने अमर सिंह की अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है।पीड़िता के पिता ने एफआईआर दर्ज कराई कि आकाश, स्कूल जाते समय उसकी लड़की को छेड़ता था। 6 नवंबर 2020 को शाम 4 बजे जब वह स्कूल जा रही थी, आकाश ने छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर भाग गया। फिर अपने दोस्तों व पिता अमर, कमल के साथ घर आया और कहा शादी करो या आत्महत्या कर लो। वे गाली गलौज करने लगे। लड़की ने जहर खा लिया और वे धमकाते हुए चले गए। लड़की को उल्टी हो रही थी। बताया जहर खा लिया है। अस्पताल में ले गए जहां लड़की को मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद नामजद एफआईआर दर्ज कराई गई। याची का कहना था कि वह मुख्य आरोपी आकाश का पिता है। सह अभियुक्त कमल को जमानत मिल चुकी है। याची 8 नवंबर 2020 से जेल में बंद है। उसे भी जमानत पर रिहा किया जाय। कोर्ट ने सशर्त जमानत मंजूर कर ली है।

## न्यूज झरोखा

### हम सभी का संकल्प प्रदेश में पुनः भाजपा सरकार बनाना : वीके सिंह



**धनूपुर।** भारतीय जनता पार्टी से शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर धनूपुर क्षेत्र के सुप्रसिद्ध मंदिर श्री हरिहर धाम कुंदौरा महादेव के प्रांगण में प्रयागराज जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ कुंवर वीके सिंह ने भगवान भोलेनाथ के मंदिर पर जलाभिषेक व पूजा अर्चन किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र मे समुचित विकास के लिए मेरे स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर जितने भी कार्य हो सकेंगे सब किया जाएगा। कुंदौरा मंदिर प्रांगण और क्षेत्र के चौमुंखी विकास के लिए तत्पर रहेंगे आने वाली विधानसभा चुनाव के लिए समय बहुत कम है हम सभी कार्यकताओं को बूथ स्तर तक पार्टी के किए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंच कर उन्हें बताने का प्रयास करें और पार्टी के जितने भी कार्यकर्ता है सब अपनी कमर कस लें पिछले चुनाव में हंडिया व प्रतापपुर प्रत्याशी पीछे रह गया था उसमें कमल का फूल खिलाना है। प्रत्याशी कोई भी हो हम सभी का संकल्प सिर्फ प्रदेश में पुनः भाजपा सरकार बनाना रहेगा।इस अवसर पर ग्राम प्रधान कुंदौरा हरिप्रसाद मिश्रा, पूर्व प्रधान बालकृष्ण तिवारी, सुरेंद्र पांडेय कोमल, संतोष कुशवाहा, बालकृष्ण शुक्ला, धवल त्रिपाठी, मदनलाल बिंद, गुलाब मिश्रा, शिवकुमार तेजस्वी, भाजयुमो शोध प्रमुख सुमित तिवारी, दिलीप मिश्रा, राकेश यादव प्रधान, विकास इलाहाबादी, बबलू गुप्ता, जिला पंचायत पंचायत सदस्य बबीता बिंद, रामेश्वर तिवारी, जवाहरलाल गौड, श्याम पांडेय, मंडल अध्यक्ष विजय नाथ बिंद, वीरेंद्र मौर्या, सूबेदार गुप्ता, आशीष त्रिपाठी, अनुराग पांडेय, रजत सिंह तथा क्षेत्र के सभी सम्मानित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत बेलवा में साप्ताहिक बाजार का हुआ शुभारंभ



**सहसों।** विकासखण्ड सहसों क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलवा में सप्ताहिक बाजार का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान बेलवा धर्मेंद्र मौर्य के अध्यक्षता में रविवार को ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह द्वारा फीता काटकर ग्राम पंचायत बेलवा में साप्ताहिक बाजार लगाने का शुभारंभ किया गया। यह साप्ताहिक बाजार सप्ताह में दो दिन गुरुवार एवं रविवार को लगाया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख गीता सिंह ने व्यापारियों से आवाहन किया समस्त व्यापारी इस बाजार में अपनी अपनी दुकानों को लगाएं उचित मूल्य पर बेचें एवं खरीदें तथा बेलवा सहित आसपास के ग्रामीण जनता को सहूलियत मिल सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से क्षेत्र पंचायत सदस्य शिव मोहन गुप्ता, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू, क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति तथा व्यापारी उपस्थित रहे।

### क्षेत्र पंचायत करछना सदन की बैठक आज

**करछना।** विकास खंड में सोमवार को आहूत ब्लाक प्रमुख करछना श्रीमती सरोज द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक में विकास कार्यों से संबंधित कई विभागों के अधिकारियों के समक्ष बैठक में जानकारी दी जाएगी जिससे गांव में विकास कार्य को लेकर कार्य में गति प्रदान की जा सके उक्त आशय की जानकारी खंड विकास अधिकारी करछना राम विलास राय ने बताया कि बैठक में प्राथमिक उच्च शिक्षा विभाग के कार्यक्रम का कायाकल्प पर विचार समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना पर चर्चा के अलावा स्वास्थ्य विभाग बाल विकास एवं पुष्टाहार योजना पर विचार विमर्श स्वच्छ भारत मिशन उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय आजीविका मिशन प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास योजना ग्राम पंचायत विभाग योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना अंतर्गत एवं क्षेत्र पंचायत की 2021-22 की योजना पर पूरक कार्य योजना हेतु बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी, बैठक में समस्त ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्यो को उक्त बैठक में समय से उपस्थित होने की अपील की है।

# यीशु दरबार बिशप के पदग्रहण की मनायी गयी नवीं वर्षगांठ

अखंड भारत संदेश



यीशु दरबार बिशप के पदग्रहण की नौवीं वर्षगांठ मनाते


**नैनी।** शुआट्स कुलपति मोस्ट रेव्ह प्रो0 राजेन्द्र बी. लाल के यीशु दरबार चर्च के बिशप पदग्रहण की नवीं वर्षगांठ मनाई गयी। कोविड महामारी के कारण कार्यक्रम का आयोजन वर्चुअल प्लेटफार्म पर हुआ जबकि यीशु दरबार चर्च में सीमित संख्या में लोग उपस्थित रहे। शुरूआत परमेश्वर की प्रार्थना से हुई। गास्पल इन्स्टीट्यूट के बच्चों ने मसीही भजन ह्यह्यधन्यवाद के ये आँसू, रूकने से नहीं थमते की प्रस्तुति दी। रेहाना ने विशेष भजन ह्यऐ खुदाया जो भी तेरे दर पर आया है जिन्दगी भर तेरी रहमत का उस पर साया हैह्न की प्र्स्तुति दी। बेटी मर्सी ने भी विशेष भजन ह्यमसीहा मुझे अपना बना लो आजह्न गाया वही बहन सुचित्रा ने भी गीत की प्रस्तुति दी।

बिशप प्रो. राजेन्द्र बी. लाल ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह परमेश्वर हैं जिन पर मृत्यु भी हावी नहीं हो सकी। यीशु मसीह सभी से प्रेम करता हैं यहां तक कि सभी पापी से भी प्रेम रखते हैं। उन्होंने कहा कि परमेश्वर ने हमें इस धरती पर प्रार्थना करने के लिये रखा है। परमेश्वर के सानिध्य में रहोगे तो तुम्हारे हृदय का आनन्द, मन की शान्ति कोई छीन नहीं सकता। कष्ट में भी तुम्हें परमेश्वर के आनन्द की अनुभूति होगी। बाईबल कहती है कि जब परमेश्वर तुम्हारे साथ है तो कोई मनुष्य तुम्हारा क्या कर सकता है। यीशु दरबार ट्रस्ट की उपाध्यक्षा डा. सुधा लाल ने बाईबल वचन साझा करते हुए कहा कि जिन्होंने उसकी ओर दृष्टि की उसने ज्योति पाई। ज्योति प्रदान करने वाला एकमात्र जीविते परमेश्वर प्रभु यीशु मसीह हैं। जवित परमेश्वर ही हमें बल व शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जो भी परमेश्वर पर विश्वास करता है वो सदैव आगे बढ़ता जाता है।

प्रो. डा. रंजन ए. जौन ने बिशप मोस्ट रेव्ह. प्रो. राजेन्द्र बी. लाल एवं डा. सुधा लाल को शॉल पहनाकर एवं रेव्ह. डेविड फिलिप्स ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। प्रो. डा. रंजन ए. जौन ने कहा कि परमेश्वर ने बाबाजी को हमारे बीच अपनी सेवकाई के लिये स्थापित किया है। उन्होंने बाईबल वचन भी साझा करते हुए कहा कि जो परमेश्वर के भवन में रोपे जाते हैं वे उसके दरबार के आंगनों में फले-फूलेंगे। डा. अभिलाषा लाल ने कहा कि परमेश्वर के आशीष ने उन्हें कोरोना महामारी से बचाया और उन्हें पुत्र प्राप्ति हुई। उन्होंने जीविते परमेश्वर प्रभु यीशु मसीह का गुणगान करते हुए उनके जीवन में विभिन्न चमत्कार को साझा किया। उन्होंने कहा कि वे कक्षा छः से भारत स्काउट एण्ड गाईड अन्तर्गत दूसरों की सेवा कर रही हैं और अब यीशु दरबार अन्तर्गत सेवकाई कर रही हैं और परमेश्वर का आशीष प्राप्त कर रही हैं। इस अवसर पर प्रति कुलपति (पीएमडी) प्रो. सर्वजीत हरबर्ट, निदेशक आईपीसी प्रो. जोनाथन ए. लाल, फादर जय प्रकाश सहित विश्वविद्यालय के अधिकारीगण, यीशु दरबार के अनुयाई सोशल डिस्टेन्सिंग के साथ उपस्थित रहे।

# डेंगू से महिला की मौत, 33 नए पॉजिटिव संक्रमितों की कुल संख्या पहुंची 808

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिले में डेंगू का कहर जारी है। इसकी चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। जबकि, 33 नए पॉजिटिव मिले हैं। पॉजिटिव आने वाले जिले के अलग-अलग इलाके में रह हैं। इसमें से डेढ़ दर्जन को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। जबकि, बाकी लोगों का घर में उपचार चल रहा है। कैंट स्थित सदर बाजार क्षेत्र निवासी राकेश सोनकर की पत्नी अंशू देवी (40) की तबीयत कई दिन पहले खराब हुई थी। 31 अक्तूबर को उन्हें टैगोर टाउन स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। वहां उनकी डेंगू की जांच कराई गई तो पुष्टि हो गई। उनका प्लेटलेट्स काउंट 10 हजार से नीचे आ गया था। इस वजह से ब्लीडिंग भी शुरू हो गई। धीरे-धीरे हालत बेकाबू होती गई और उसकी मौत हो गई। राकेश के छोटे भाई राजेश सोनकर ने बताया कि अंशु के दो बेटे आयुष और पीयूष हैं। मां की मौत से उनका रो-रोकर बुरा हाल है। जिले में डेंगू से यह तीसरी मौत है। उधर, मलेरिया विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक दीपावली और उसके दूसरे दिन कुल 33 नए पॉजिटिव मिले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को 17 पॉजिटिव मिले थे जबकि शनिवार को 16 संक्रमित पाए गए। शुक्रवार को पॉजिटिव आने वालों में बेनीगंज, सिविल लाइंस, नया पुरवा, नैनी, छोटाबघाड़ा, प्रीतमनगर, धूमनगंज, बेली रोड, झूंसी, मम्फोर्डगंज, बमरौली, प्रीतमनगर, तेलियरगंज, मीरापट्टी में एक-एक और राजापुर में दो लोग शामिल हैं। जबकि, शनिवार को कोरांव, मांडा, बलरामपुर हाउस, कर्नलगंज, मनमोहन पार्क, तेलियरगंज, शिवकुटी, रसूलाबाद, कचहरी में एक-एक और धूमनगंज में दो संक्रमित पाए गए हैं। जिला मलेरियाधिकारी डॉ. आनंद सिंह ने बताया कि इससे जिले में डेंगू के कुल रोगियों की संख्या बढ़कर 808 हो गई है। इसमें शहरी क्षेत्र में 577 और ग्रामीण क्षेत्र में 231 मरीज हैं।

# कृष्ण, सुदामा की मित्रता से भाव बिभोर हुए श्रोता



कथा व्यास ने श्री कृष्ण भगवान व सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाकर भक्त श्रोता जनों को मंत्र मुग्ध कर दिया

अखंड भारत संदेश



**करछना।** श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाकर भक्त दर्शक श्रोता जनों को मंत्रमुग्ध कर के भाव विभोर कर दिया । कथा व्यास ने श्री कृष्ण और सुदामा की सच्ची व पक्की मित्रता का बखान करते हुए दोनों की मित्रता का बखूबी बखान किया। उन्होंने श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता की अनेक आकर्षक झांकी भी लोगों के सामने प्रस्तुत किया। करछना के कुंजल बैस का पूरा गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा के अंतिम व सातवे दिन रविवार को व्यास पीठ पर कथावाचक के रूप में विराजमान रहे श्री धाम वृंदावन से पधारे शैलेंद्र जी महाराज ने अपने मुखारविंद से कही। उन्होंने मित्रता के संबंध में श्री कृष्ण व सुदामा सहित कर्ण दुर्योधन राम सुग्रीव व दूध व पानी की इन चारों की मित्रता को सच्ची पक्की मित्रता बताया । उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास की रामचरित मानस की जे न होई संघमित्र दुखारी। तिनहि बिलोकत भारी। नामक चौपाई का विस्तार से व्याख्या भी की । इस अवसर पर कलाकारों की ओर से भगवान श्री कृष्ण व ब्राह्मण सुदामा की सुंदर व आकर्षक रूप से झांकी भी निकाली गई । जो कि दर्शक श्रोता लोगों को मंत्रमुग्ध करती रही। मुख्य श्रोता यजमान जनार्दन प्रसाद शुक्ला एडवोकेट पत्नी सुशीला देवी ने कथा व्यास सहित सभी आचार्य जनो का माल्यार्पण करके स्वागत व अभिनंदन किया। कथा के संयोजक व व्यवस्थापक रहे भाजपा किसान मोर्चा यमुनापार के जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल ने कथा श्रवण के लिए आए सभी भक्त जनों के प्रति आभार जताया। उन्होंने बताया कि सोमवार को हवनो पश्चात कथा की पूणार्हुति होगी ।और भंडारा भी आयोजित होगा। इस मौके पर अनिल कुमार कुमार शुक्ला विमल कुमार शुक्ल आलोक कुमार शुक्ल संतोष कुमार मिश्र कमला शंकर तिवारी दिवाकर दत्त शुक्ल उज्जवल अभिनव शोभित आदि लोग मौजूद रहे।

# पारंपरिक व हाथों की कारीगरी का सजीव उदाहरण भईया दूज का मेला

## हर किसी के हाथ व सिर पर गृहस्थी और खेतीबाड़ी का सामान, मेले में दूसरे दिन क्षेत्रीय जनो का उमड़ा जनसैलाब, जमकर खरीदारी

अखंड भारत संदेश



मां-बेटे खरीदारी कर सिर पर चकरी रख वापस घर जाते।



मेले से रंग बिरंगी लाठियां खरीदते मेलार्थी

**घूरपुर।** भीटा देवरिया के पहाड़ी पर लगने वाले भईया दूज मेले के दूसरे दिन क्षेत्रीय जनों का जन सैलाब उमड़ा। मेले से वापस हुए हर लोगों के हाथ और सिर पर गृहस्थी और खेतीबाड़ी का रखा हुआ सामान दिखा। वहीं बाइक सायकिल मे भी गृहस्थी के सामान भी वापसी में बंधे हुए दिखे। तीन किलोमीटर मे फैला मेला भीड़ से खचा खच भरा रहा।

**मेले का साल भर करते है इंतजार**

क्षेत्रीय लोग इस मेले का साल भर से बेसब्री से इंतजार करते हैं। क्योंकि इस मेले में गृहस्थी और खेतीबाड़ी के हर किस्म के सामान सहजता और सस्ते दामों में मिल जाते है। इसलिए हर परिवार में इस मेले में शामिल होने के लिए रिश्तेदार भी पहुंच मेले में जाकर गृहस्थी और खेतीबाड़ी की जरूरत की सामान खरीददते है। मेले से वापस हो रहे महिलाएं हों या बूढ़े य युवक हर किसी के हांथ, सिर पर जहां गृहस्थी खेती बाड़ी के सामान रखे दिखे वहीं सायकिल और बाइको के पीछे भी सामान बंधे रहे।

**पारंपरिक और हाथों की कारीगरी का सजीव उदाहरण है भईया दूज का मेला**

मशीनीकरण और कंप्यूटराइज युग में भी पारंपरिक और हाथों द्वारा तराशे गए पत्थरों और लोहे के उपकरणों को देखना हो तो इस मेले में जरूर आईए। इसे इस तरह भी कह सकते हैं कि पारंपरिक और हाथों की कारीगरी का सजीव उदाहरण है भीटा देवरिया का भईया दूज का दो दिवसीय यह मेला यमुनापार के शंकरगढ़, नारीबारी, खीरी, लेडियारी, कोराव सहित बांदा, चित्रकूट, पत्थरों के कारीगर अपने हाथों से आकर्षक रुप से बनाए, सिल -चकरी, जात,ओखली, शीला आदि पारंपरिक उपकरण लेकर आते हैं। इस मेले में बेचने के लिए खासतौर पर बड़े पैमाने पर तैयार कर इस दो दिवसीय मेले में बेचकर अच्छी खासी मुनाफा कमाते है। इसी तरह लोहे के खल बट्टा, कड़ाही, खुरपा, हसुआ, चापड़, चाकू, कुल्हाड़ी आदि सामान कई जनपद के कारीगर स्वयं तैयार कर इस मेले में बेचकर मुनाफा कमाते है। यह मेला कारीगरों का हौसला अफजाई भी बढ़ाने का काम करता है।

**रंग बिरंगी लाठियां और डलिया की भी रही लूट**

मेले में कई जनपदों के रंग बिरंगी लाठियां और डलिया की भी दर्जनों दुकानें सजी थी। मेलार्थियों ने खूब मन पसंद लाठियां और डलिया खरीदी। लाठियां अधिकतर बुजुर्गो और अधेड़ व्यक्तियों ने खरीदा।

**दूसरे दिन भी सुजावन देव यमुना घाट पर स्नानार्थियों की रही भीड़**

दूसरे दिन रविवार होने की वजह से मेले में सुजावन देव यमुना घाट पर स्नानार्थियों की सुबह से देर शाम तक भीड़ जुटी रही। हर रविवार के दिन क्षेत्र के लोग इसी तट पर कार्तिक मास तक स्नान करते है। श्रद्धालु यमुना स्नान कर पूजा अर्चना दान दक्षिणा के बाद यमुना की धारा में पहाड़ी के उपर स्थित सुजावन देव मंदिर में जाकर भगवान शिव की दर्शन पूजा अर्चना कर मेले का लुत्फ उठाया।

**मेले में दुकानदारों से की गई मनमानी वसूली**

मेला समिति के नाम परची छपवाकर पुलिस के सामने दुकानदारों को डरा धमका कर दो दिन से पांच लोगों का गैंग बनाकर मनमानी वसूली करते रहे।जबकि वसूली का शासन स्तर पर कोई आदेश नहीं है। मेला आयोजन के तीन दिन पूर्व एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित, एसडीएम बारा सौम्या गुरुरानी, सीओ करछना राजेश कुमार यादव एस ओ घूरपुर राकेश राय मेले में स्थानीय लोगो के साथ बैठक की थी जिस पर मेले में दुकानदारो से वसूली किए जाने पर पाबन्दी की बात गई थी। बावजूद मेले में आए बाहरी फुटपाथ पर लगाए छोटे दुकानदारो से पचास से दो सौ रुपए और बड़े दुकानदारो से पांच सौ से एक हजार रूपए और वहीं झूले, मौत के कुंआ, डांस थियेटरो आदि से दो से तीन हजार रुपए वसूले गए। दुकानदारो वसूली की शिकायत मेले में तैनात पुलिकर्मियों और दरोगा से किया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिससे दुकानदारो मे आक्रोश व्याप्त है।

**बैंक कर्मी सहित पचास से अधिक लोगों का उड़ा पर्स और बैग हुए चोरी**

मेले में इस बार उच्चको और चोरों की खूब चांदी रही। स्नान घाट से लेकर मेले के बीच से पचास से अधिक लोगो का चोर उच्चकों ने पर्स और बैग और कपड़े उड़ा दिए। बारा के परसरा बसंती के बैंक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी का स्नान घाट से उच्चको ने शर्ट उड़ा दिया शर्ट में कीमती मोबाईल, पर्स और एटीएम कार्ड व नगदी और कार की चाबी थी। इसी तरह चिल्ला की शकुंतला, हथिगंन की मनोरमा, राजापुर की मीना देवी, शंकरगढ़ सुमित्रा, नीशा, जारी की गायत्री, कौंधियारा की, करमा की रंजना, नौगवा की बंदना देवी, पांडर की लक्ष्मी, घूरपुर की पार्वती, आदि बीस महिलाओ की सुजावन देव यमुना घाट से कपड़े बैग चोरी हो गए। वहीं मेले में आए रामचंद्र यादव, जितेंद्र बिंद, सतीश सक्सेना, संजीव शर्मा, तीरथ सिंह, विजय पटेल, शंकर लाल, सुनील गुप्ता, अखिलेश यादव आदि तीस से अधिक लोगों का पर्स उड़ा दिया गया। कुछ ने मेले में तैनात पुलिस से शिकायत की और कुछ लोग बगैर शिकायत किए प्रशासन को कोसते हुए मायूस होकर मेले से वापस चले गए। क्षेत्रीय लोगो ने बताया कि इस बार के मेले में जितनी अधिक इस तरह की घटनाएं हुईं। इसके पूर्व के मेले में कभी नहीं हुआ था।



कड़ाही व सूप खरीदकर घर जाती वृद्धा



मेले में डालिया खरीद सिर पर रखे हुए

**मेले में पेयजल को तरसे लोग एक हैंडपंप पर हजारों मेलाथी**

मेले में पेयजल की भारी किल्लत रही। मेले के बीच लगे एक हैंडपंप पर हजारों मेलार्थी निर्भर रहे। हैंड पंप पर भीड़ इतनी की प्यास बुझाने के लिए लोगो को घंटो लाइन लगाना पड़ता था। प्रसाशन की ओर से पेयजल की व्यवस्था कहीं नहीं दिखी। पेयजल की किल्लत की वजह से मिस्ठान नास्तो के अधिकतर दुकानदार पास के खदानों में जमा पानी लेकर ही उपयोग किए।

## खबर संक्षेप

### आज नहाय खाय से शुरू होगा छठ महापर्व

**प्रयागराज।** लोक आस्था का महापर्व आठ नवंबर को नहाय-खाय विधान के साथ शुरू होगा। नौ नवंबर को खरना और 10 को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। 11 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व का समापन होगा। पर्व को लेकर घर से लेकर घाट तक तैयारी शुरू हो गई है। बाजार में लोग महिलाएं पूजन सामग्री की खरीदारी करने लगी हैं। शहर में वाराणसी और पटना से कई तरह के ऋतु फल थोक में मंगाए गए हैं। सोमवार को घरों में शुद्धता के साथ छठ मइया का प्रसाद बनाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। घाटों पर पूजन से पूर्व वेदी बनाकर लोग पूजन स्थल को निर्धारित करेंगे। संगम नोज पर छठ पूजा समिति की ओर से सोमवार को कार्यालय का उद्घाटन होगा। सूर्यदेव की प्रतिमा स्थापित कर पूजन-अर्चन किया जाएगा। समिति की ओर से पूजन के लिए घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को जागरूक किया जाएगा।

# अंतरराज्यीय गैंग के चार लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रविवार को अंतर्राज्यीय गैंग के 4 लुटेरों को गिरफ्तार किया गया। इनका नेटवर्क यूपी, उत्तराखंड, गुजरात, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में फैला है। गिरफ्तार लुटेरों ने 1 नवंबर को अधिवक्ता से तीन लाख की लूट की थी। इसके अलावा एक लुटेरे ने 17 दिसंबर, 2020 को सिविल लाइंस में 8 लाख की लूट में शामिल होना स्वीकार किया। पुलिस ने थाना सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज किया है। इन लुटेरों को गिरफ्तार करने में कर्नलगंज थाना पुलिस और एसओजी ने संयुक्त कार्रवाई की। इन्हें सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित लायल रोड से गिरफ्तार किया गया। अभी एक लुटेरा फरार है।एसपी सिटी दिनेश सिंह ने बताया कि इन लोगों ने 1 नवंबर को अधिवक्ता प्रशांत द्विवेदी से मम्फोर्डगंज में 3 लाख की लूट थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला था। जिसमें दो व्यक्ति बाइक से भागते हुए दिखाई दिए थे।

### कई राज्यों में सक्रिय है गैंग



अंतरराज्यीय गिरोह के चार लुटेरों के साथ पुलिस के आला अधिकारी

### अंतरराज्यीय लुटेरे गैंग का मास्टर माइंड है पुष्पेंद्र यादव

पुष्पेंद्र यादव गैंग का मास्टर माइंड है। उसने पूछताछ में स्वीकार किया कि 17 दिसंबर, 2020 को सिविल लाइंस में एक्सिस बैंक से 8 लाख लूटे थे। दरअसल, बैंक का कलेक्शन एजेंट 17 दिसंबर को दोपहर में कलेक्शन के रुपए जमा करने बैंक गया था। रुपए से भरा बैग रखकर वह दूसरे एजेंट से बात करने लगा। तभी एक युवक बैग लेकर भाग गया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। पुलिस जब उसे सीसीटीवी फुटेज दिखाया, तो पुष्पेंद्र ने लूट की बात स्वीकार कर ली।

### सीडीओ प्रयागराज सहसों पहुंच कर किया निरीक्षण

**सहसों।** सीडीओ प्रयागराज सीपू गिरी ने रविवार को ग्राम सभा सहसों पहुंच कर नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कोविड-19 टीकाकरण कैम्प का निरीक्षण किया। उन्होंने मौजूदा स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देशित कर कहा कि क्षेत्र में डोर टू डोर संपर्क करके सत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य पूरा करें। साथ में ग्राम प्रधान सहसों विष्णु केसरवानी, प्रभारी स्वास्थ्य केन्द्र सहसों विमल चौरसिया व सभी स्टाफ मौजूद रहे। कोरोना महामारी के पश्चात ग्रामीण स्तर पर संक्रमण तेजी से ग्रामीण अंचल में अपना पांव पसार रहा है। जिसके चलते लोगों में बुखार सर्दी खांसी और जुखाम जैसे अन्य बीमारियां तेजी से पनप रही है मच्छरों के प्रकोप से वर्तमान समय में डेंगू तेजी जी से डंक मार कर डेंगू पैदा कर रहा है। संक्रमण के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ढूंढ कर करोना का टीका लगवा रही है तथा लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इसी परिपेक्ष में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसों में रविवार को मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज शिपू गिरी पहुंचकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तथा कोरोना का टीका लगवा रहे लाभार्थी से बातचीत की एवं गांव की स्थिति का जायजा लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य केन्द्र के अन्य बिंदुओं पर भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## न्यूज झरोखा

### थाना प्रभारी हड़िया ने चौकीदारों को गांवों में चौकसी रखने का दिया निर्देश



**हंडिया।** डीआईजी/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज सवश्रेष्ठ त्रिपाठी के कुशल निर्देशन पुलिस अधीक्षक गंगापार व क्षेत्राधिकारी हड़िया के पर्यवेक्षण में रविवार को थाना प्रभारी हड़िया ज्ञानेशवर मिश्रा ने थाने पर तैनात समस्त ग्राम के चौकीदारों के साथ मिटिंग करके सभी चौकीदारों को अपने अपने गांव में चौकशी रखने के साथ अपराध व अपराधियों , शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखने के साथ तत्काल जानकारी देने आदि के संबंध में दिशा निर्देश दिए।

### सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव बने नितेश तिवारी



**मेजा रोड।** समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड राष्ट्रीय सचिव पद पर मेजा के लखनपुर गांव निवासी नितेश तिवारी को नामित किया गया। जिससे क्षेत्र के कार्यकताओं में खुशी देखने को मिल रही है। उनके संघर्षों और युवाओं में लोकप्रियता को देखते हुए समाजवादी पार्टी ने उन्हें समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड का राष्ट्रीय सचिव नामित किया है। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के सहयोग से पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत किया जाएगा। केंद्र, प्रदेश की जनविरोधी नीतियों को आमजन के बीच उजागर किया जाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार को तीनों काले कानून वापस लेने की चेतावनी दी। आगे कहा कि आज देश में जाति, धर्म, संप्रदाय के नाम पर लोगों को बांटकर गरीब, किसान, मजदूर वर्ग की अनदेखी कर राजनीति की जा रही है। सर्व समाज को साथ लेकर पूरे मुल्क को एक सांचे में ढालने का काम करने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और मजबूत बनाने पर जोर दिया।

### अतीक अहमद के छोटे बेटे अली अहमद के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के छोटे बेटे अली अहमद के खिलाफ करेली थाने में दर्ज मुकदमे में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी। मंच से भड़काऊ भाषण देने के मामले में उसके खिलाफ यह मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस का कहना है कि चार्जशीट कोर्ट में प्रेषित कर दी गई है। विवेचना के दौरान धार्मिक भावनाएं भड़काने, विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता, घृणा या वैमनस्य की भावनाएं पैदा करने के आशय से असत्य कथन व धमकी देने से संबंधित आरोपों को सही पाया गया। आरोप है कि 25 सितंबर को मजीदिया कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित एआईएमआईएम की रैली में उसने भड़काऊ भाषण दिया। भाषण की वीडियो क्लिप फेसबुक पर भी शेयर की। जिसके बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

### बघाड़ा स्थित रेलवे कॉलोनी में चार दिन से बिजली गुल

**प्रयागराज।** छोटा बघाड़ा स्थित रेलवे कॉलोनी में चार दिन से बिजली नहीं है। दिवाली की रात से कॉलोनी की बिजली गुल हुई। इसकी शिकायत की गई लेकिन बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई। चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की कॉलोनी में लगभग 30 मकान हैं। बिजली सप्लाई बंद होने के बाद कॉलोनीवासी बाहर मोबाइल चार्ज कर रहे हैं। कॉलोनीवासियों ने बताया कि एक सप्ताह से सफाई भी नहीं हो रही है। घरों के सामने कूड़े का अंबार लगा है। कॉलोनी की सफाई ठेके पर होती है। ठेकेदार के कर्मचारी कॉलोनी की सफाई करने नहीं आ रहे हैं।

## लक्षागृह से परानीपुर घाट तक गंगा पर बनेगा पुल, सर्वे हुआ पूरा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।**आध्यात्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लाक्षागृह से परानीपुर के बीच गंगा पर पुल का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए राजकीय सेतु निर्माण निगम की ओर से सर्वे करा लिया गया है। इस पुल के साथ सुगम यातायात के लिए एक आरओबी का निर्माण भी प्रस्तावित है। इस पुल और आरओबी के निर्माण से लाक्षागृह तक यातायात तो सुगम होगा ही, पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश से लेकर पूर्वांचल के कई जिलों का प्रयागराज से सीधा जुड़ाव हो जाएगा।हंडिया में गंगा पर प्रस्तावित लाक्षागृह-परानीपुर सेतु करीब 1400 मीटर लंबा होगा। पहले लाक्षागृह के अलावा एमपी से जुड़े इलाकों को जोड़ने के लिए गंगा पर सिरसा में पुल बनाने के लिए लंबे समय से आवाज उठाई जा रही थी, लेकिन अब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के हस्तक्षेप के बाद यह बहुप्रतीक्षित सपना साकार होने जा रहा है। खास बात यह है कि यह पुल अब सिरसा से नहीं, बल्कि परानीपुर से शुरू होगा। इस पुल का निर्माण लाक्षागृह के आध्यात्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कराया जा रहा है। माना जा रहा है कि इस पुल के निर्माण से लाक्षागृह के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

साथ ही जौनपुर से मध्यप्रदेश का सीधा जुड़ाव होगा। परानीपुर गंगा घाट से लाक्षागृह घाट तक का हाल में ही सेतु निर्माण निगम की ओर से सर्वे कराया जा चुका है। गंगा पर इस पक्के पुल के प्रस्ताव के साथ ही एक ओवरब्रिज भी शामिल है। यह ओवरब्रिज प्रयागराज से वाराणसी जाने वाली रेलवे लाइन पर बनाया जाना है। सेतु निगम के अफसरों का कहना है कि इस पुल और आरओबी के निर्माण के बाद परानीपुर- मेजारोड मार्ग पर भी यातायात सुगम हो जाएगा।

# संकल्प हमारा न टूटे, कोई मतदाता न छूटे के तहत पहला विशेष अभियान दिवस सम्पन्न

**1 से 30 नवंबर तक चलेगा विशेष अभियान, डीएम ने विभिन्न पंजीकरण केंद्रों का भ्रमण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।**जिलाधिकारी ने पंजीकरण केन्द्रों का भ्रमण कर विशेष अभियान का लिया जायजा बता दें कि एक नवम्बर से 30 नवम्बर तक चलने वाले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण/मतदाता(वोटर) पंजीकरण कार्यक्रम के तहत पहला विशेष अभियान दिवस सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने विभिन्न पंजीकरण केन्द्रों का भ्रमण कर विशेष अभियान का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अग्रसेन इण्टर कालेज, एस0एस0 खन्ना गर्ल्स डिग्री कालेज, रणजीत पंडित इण्टर कालेज, इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल जसरा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कांटी जसरा एवं ऋषिकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित अन्य पंजीकरण केन्द्रों का भ्रमण कर अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकरी ने कहा है कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके अथवा 01.01.2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हो, ऐसे लोग मतदाता पंजीकरण से छूटने न पाये। उन्होंने कहा कि हम सब को यह संकल्प लेना चाहिए ह्यह्यसंकल्प हमारा न टूटे, कोई मतदाता न छूटे। इस अभियान को हमें आगे बढ़ाना है। मतदाताओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन भी मतदाता सूची में नाम जुड़ानें व संशोधन इत्यादि कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऑनलाइन वेबपोर्टल पर अपने मोबाइल नम्बर/ईमेल आईडी/वोटर आईडी नम्बर अथवा अपने फेसबुक/जीमेल/ट्वीटर /लिंकडिन द्वारा लॉगिन करके प्राप्त कर सकते है। साथ ही मोबाइल पर वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करके भी उक्त सेवाएं प्राप्त की जा सकती है। 01 नवम्बर से 30 नवम्बर, 2021 तक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण/मतदाता(वोटर) पंजीकरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत पंजीकरण केन्द्रों पर पंजीकरण हेतु दिनांक 07.11.2021, 13.11.2021, 21.11.2021 एवं 27.11.2021 को विशेष अभियान आयोजित किये जाने का प्रावधान किया गया है, जिसके क्रम में रविवार को पहला विशेष अभियान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।


पंजीकरण केन्द्रों का जायजा लेते जिलाधिकारी।

# मैं कचरा नहीं हूं हमें हरे डस्टबिन में डालें हमारा कंपोज बनाएं : दुकान जी

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** नगर निगम के अभियान के तहत शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए सम्मानित नागरिकों से अपिल है कि स्वच्छता को मजबूरी नहीं संस्कार मे लाये कुडा करकट को इधर उधर न फे-के घर मे दुकानो कार्यालय रैस्टोरेंट मे दो डस्टबिन रखे हरा और नीला हरे मे गिला कुडा जैसे सब्जी चिकन चाय की पत्ती सडे फल पत्ते की प्लेट काफी पाउडर अंडे के छिलके फल के छिलके मछली की हड्डी पकाया बचा भोजन निले मे सुखा कुडा जैसे प्लास्टिक दूध दही पैकेट चिप्स टाफी रैपर प्लास्टिक कागज कप प्लेट प्लास्टिक कवर बोतल कागज स्टेसनरी अखबार पत्रिका टिशू पेपरधातू मे कोल्ड्रीक बीना टूटा हुआ ग्लास बोतले अन्य सूखा कचरा गत्ता सौन्दर्य प्रसाधन रबर थमाकोल लकडी के टुकडे नारियल के गोले बाल बडी मात्रा मिश्रा ने कपडे ब्रस स्पंज जिससे गिला कुडा से कम्पोज खाद तैयार कर उसका उपयोग किया जा सके आपके सहयोग के लिए नगर निगम के तहत प्रयागराज लायन वेस्ट मेनेजमेन्ट के जरिए आपके गली मोहल्ले में सुबह उनके कर्मचारी आपके घर पहुच कर सिटि बजाकर कुडा इकट्ठा करने मे लगे है गाडी मे सुखा कुडा गिला कुडा अलग अलग रखने के लिए डस्टबिन रखे है आपके द्वारा दिये गये कुडा करकट को ओ अलग अलग बाक्स में डालकर जो गिला कुडा है उसे कम्पोज बनाने के लिये उसका उपयोग करते हैं जो जिसमे शहर को साफ स्वच्छ बनायें रखने के लिये जन जागरूक के साथ साथ आप से अपील कर रहे हैं अपने शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 मे नम्बर बन बनाने मे सहयोग करे।

### अल्लापुर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग लाखों का नुकसान

**प्रयागराज।** अल्लापुर में एक रिटायर्ड कर्मचारी के घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते-देखते आग की लपटों ने किचन रखे सारे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर नियंत्रण पाया। अल्लापुर निवासी चंद्र भूषण सिंह भूमि संरक्षण विभाग से सेवानिवृत्त है। उन्होंने बताया कि शनिवार देर शाम परिवार के साथ बाहर गए थे। इस बीच आरओ में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। घर से धुआं निकलने पर पड़ोसियों ने सूचना दी। अग्निशमन विभाग की टीम भी पहुंच गई। किसी तरह फायर कर्मियों ने आग पर नियंत्रण किया लेकिन तब तक आग के कारण किचन में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। वाशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर, खाने-पीने का सामान बर्तन आदि सब कुछ बर्बाद हो गया। हालत यह है कि अब प्लास्टिक के पैकेट में भोजन करना पड़ रहा है। पड़ोसियों ने उनकी मदद की है।

# सामाजिक प्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा राजनैतिक तथा सामाजिक स्थितियां दिन प्रतिदिन नया स्वरूप ले रही है। जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग तथा व्यक्ति का महत्व मात्र उसकी जाति या वर्ग से नहीं बल्कि उसकी एकजुटता तथा समाज में उसके योगदान से आंकलित की जाती है। ऐसी दशा में प्रत्येक समाज का प्रतिनिधित्व बड़े तथा समाज हित में योगदान करने वाले व्यक्तियों का सम्मान किये जाने से एक दूसरे व्यक्ति भी प्रेरणा लेते हैं।

इसी दिशा के निर्धारण तथा समाज के प्रति और देश के प्रति हमारा क्या योगदान हो इसी विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन दिनांक 07 नवंबर 2021 दिन रविवार को वृंदावन गेस्ट हाउस विसहिजन कला, मेजारोड, प्रयागराज में सम्पन्न किया गया। जिसमें इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक उदयभान करवरिया रहे। माननीय पूर्व विधायक ने कहा कि मेजा में लगातार कार्य हो रहे हैं जब से यहां से माननीय नीलम करवरिया विधायक हुई है लगातार विकास कार्य जोरों पर है और आप लोगों का आशीर्वाद अगर मिला तो निरंतर लगातार विकास करता रहूंगा।इस सम्मान समारोह कार्यक्रम के आयोजक ओपी विश्वकर्मा जिला कोषाध्यक्ष युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी व मनोज विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी विचार मंच प्रयागराज के द्वारा किया गया। वही कार्यक्रम का संचालन ओपी विश्वकर्मा ने किया। इस कार्यक्रम के दौरान शैलेश पाण्डेय , राम शिरोमणि विश्वकर्मा प्रधान प्रतिनिधी ग्रामसभा बजहा, आशीष पाल युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मेजा मंडल, रोशन पाल भाजपा सिरसा मंडल मीडिया प्रभारी,अभिषेक पाल भाजपा नेता, डॉ मानिक चंद विश्वकर्मा व आशुतोष प्रजापति आशीष सिंह, बब्लू विश्वकर्मा,सहित हजारों की संख्या मे क्षेत्र के सम्मानितजन उपस्थित रहे वहीं इस सामाजिक प्रतिनिधि तथा सम्मान समारोह में आयोजक मंडल द्वारा क्षेत्र के सम्मानित जनों के पहुंचने पर आभार प्रकट किया।



गोष्ठी में हुआ सामाजिक प्रतिनिधि सम्मान समारोह।

## चाइनीज मंझे ने ली युवक की जान, घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश


मृतक की फाइल फोटो

**प्रयागराज।** शहर के नए यमुना पुल पर रविवार को दोपहर बाद चाइनीज मांझे की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठी पत्नी हादसे में बाल-बाल बच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा कर परिजनों को सौंप दिया। सूचना पाकर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। कोरांव थाना क्षेत्र के बड़ोखर निवासी मोहम्मद अफरोज (25) पुत्र मोहम्मद हयात गुजरात में वाहन चालक था। चार दिन पहले ही वह घर आया था। रविवार को पत्नी को बाइक पर बैठाकर प्रयागराज दवा लेने के लिए आ रहा था। अभी वह नए यमुना पुल पर पहुंचा था कि कहीं से चाइनीज मांझा आकर उसके गले में फंस गया। जब तक वह कुछ समझ पाता मांझे से उसका गला कट गया। गले की नस कट जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अफरोज की शादी दो साल पहले ही हुई थी। वह दो भाइयों में दूसरे नंबर पर था। इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। कीडगंज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया तो पुलिस ने पंचनामा कर शव को परिजनों को सौंप दिया।



बैठक में उपस्थित कृषक व अकरकरा औषधि के पौधे।

# औषधीय खेती करने को लेकर किसानों की हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**अकरकरा की औषधीय खेती करने से उपज से भी ज्यादा लाभ मिलता है, ग्राम पंचायत भुंडा में किसानों की हुई बैठक में में दी गयी महत्वपूर्ण जानकारी**

**करछना।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भुंडा में किसानों की एक बैठक आहूत हुई जिसमें अनाज उपज से अधिक आय बढाने वाले औषधीय खेती करने के गुणों पर चर्चा की गयी । बैठक में अधिवक्ता आर पी पाण्डेय शेष दुर्गए हर्बल के निदेशक ने आयोजित किसान गोष्ठी में किसानों को अकरकरा औषधि की खेती करने के लिए किसानों को जानकारी दी। बैठक में गांव के अधिवक्ता, श्री मिथिलेश शुक्ला, अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद, गांव भुंडा, करछना के पैतृक निवास पर रविवार को बैठक में अकरकरा औषधि की खेती के सम्बन्ध में श्री शुक्ला जी प्रगतिशील बहुत अच्छे व बड़े कास्तकार हैं, उन्होंने पांच बीघे खेत में अकरकरा औषधि की बुआई की बात कहा है। इस बैठक में दर्जनो से अधिक किसानों ने भाग लिया।

## दुष्कर्म केस में गवाह को फर्जी तरीके से जेल भेजने पर दो इंस्पेक्टर तीन पुलिसकर्मी हुए सस्पेंड

### मामले की जांच करेंगे एसपी गंगा पार

**प्रयागराज।** दुष्कर्म केस के गवाह को फर्जी तरीके से जेल भेजने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई। जांच के दौरान फजीवाड़े में संलिप्तता की बात सामने आने पर सर्विलांस प्रभारी संजय सिंह यादव, इंस्पेक्टर हंडिया बृजेश सिंह समेत पांच पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया। शेष तीन में से दो हेड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल हैं, जो एसओजी टीम में तैनात थे। कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। मामले की जांच एसपी गंगापार को सौंपी गई थी, जिन्होंने तीन दिन पहले ही अपनी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपी थी। सूत्रों का कहना है कि जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों इंस्पेक्टरों ने फजीर्वाड़ा करके कर्नलगंज में दर्ज दुष्कर्म के केस के गवाह ज्ञानचंद मौर्य को जेल भेज दिया। इससे पहले खेल करके हंडिया थाने में दर्ज दुष्कर्म के केस में उसका नाम खोला गया और फिर इसी आधार पर उसे जेल भेजने की कार्रवाई की गई।निलंबित किए गए दो हेड कांस्टेबल पन्नालाल व अजय यादव और कांस्टेबल केके यादव भी इस फजीर्वाड़े में शामिल रहे, जो इंस्पेक्टरों के कहने पर गवाह को शहर से पकड़कर हंडिया ले गए। यही नहीं, उसके कब्जे से बरामद स्कूटी पर ट्रक की नंबर प्लेट भी लगा दी थी। जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सही मिलने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति कर दी गई। जिसके बाद उन पर कार्रवाई हुई।

### आरोपी असिस्टेंट प्रोफेसर से लगातार संपर्क में था संजय

सूत्रों का कहना है कि जांच के दौरान आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कई ऐसे सबूत सामने आए, जिससे फजीर्वाड़े में उनकी संलिप्तता की बात सही साबित हुई। सर्विलांस प्रभारी संजय सिंह यादव की दुष्कर्म के आरोपी असिस्टेंट प्रोफेसर मदन यादव से लगातार बात होती थी और इसका खुलासा उसकी कॉल डिटेल रिपोर्ट से हुआ। गौरतलब है कि फर्जी तरीके से जेल भेजा जाने वाला ज्ञानचंद जिस दुष्कर्म के केस में गवाह था, उसका आरोपी सीएमपी डिग्री कॉलेज का असिस्टेंट प्रोफेसर मदन यादव ही था।

> जांच रिपोर्ट के आधार पर पांचों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उनके खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दे दिए गए हैं।
>
> **सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी, डीआईजी**

# कायस्थ सभा ने किया सम्मानित, मुख्य अतिथि रहे पूर्व विधायक व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** नगर के जेल रोड स्थित हनुमान प्रसाद बालिका इंटर कालेज प्रांगण में कायस्थ समाज के हाईस्कूल ,इंटर मीडियट , स्नातक एवम् स्नातकोत्तर के प्रतिभावान छात्र छात्राओं सम्मानित किया गया। प्रतिवर्ष की तरह यह सम्मान समारोह बड़े धूम धाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवम् पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने हाईस्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले आयुष श्रीवास्तव, अनन्या श्रीवास्तव, खुशी श्रीवास्तव, शिवांशु श्रीवास्तव, इंटर मीडियट में प्रत्यूष श्रीवास्तव, साक्षी श्रीवास्तव, सत्यम श्रीवास्तव, सौम्या श्रीवास्तव,दीक्षा श्रीवास्तव, बीटीसी में डॉक्टर क्षितिज श्रीवास्तव, बीएड में विशाखा श्रीवास्तव, एमएससी में अस्मिता श्रीवास्तव, प्राची खरे,प्रांजल श्रीवास्तव, एम में प्रज्ञा श्रीवास्तव, और एमएड में आशुतोष खरे को शील्ड देकर सम्मानित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कायस्थ सभा के अध्यक्ष संतोष कुमार खरे ने किया और संचालन अमितेंद्र श्रीवास्तव ने किया।

बतौर मुख्य अतिथि हरिप्रताप सिंह ने कायस्थ समाज के बच्चों के शिक्षा और विकास के लिए इस तरह के आयोजन उनके जीवन में प्रेरणा के कार्य करने का कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कायस्थ समाज द्वारा संचालित हनुमान प्रसाद बालिका इंटर कालेज के विकास के लिए हमेशा उन्होंने आगे बढ़कर सहयोग किया है । आने वाले समय में वह इस विद्यालय को ऊंचाई तक पहुंचाने में अपना सहयोग हमेशा देने के बात कही। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री आशीष श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, कमला श्रीवास्तव, रजत सक्सेना, क्षितिज श्रीवास्तव, विश्व दीपक श्रीवास्तव, राजकुमार सिन्हा, शिव शंकर खरे, मनीष खरे, सारिका श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, डॉक्टर विनय कुमार श्रीवास्तव, उषा खरे, अंजली श्रीवास्तव, रीता श्रीवास्तव, शकुंतला श्रीवास्तव, विमल श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, कुशाग्र श्रीवास्तव, श्याम शंकर खरे और संजय खरे आदि मौजूद रहे।

## पराली जलाने से वायुमंडल होता है प्रदूषित

**परियावां, प्रतापगढ़।** पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बरियावां गांव में एक कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। एक संस्थान के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने बताया कि दीपावली पर्व के बाद एवं धान की कटाई के पश्चात कई राज्य धुंध और प्रदूषण की समस्या से ग्रसित हो जाते हैं धान की कटाई के बाद खेत में बचे अवशेष को बड़ी मात्रा में जलाने से यह समस्या उत्पन्न हो जाती है। डॉ सिंह ने पराली प्रबंधन पर विस्तार पूर्वक जानकारी किसानों को प्रदान की। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित कृषि विज्ञान केंद्र के पूर्व वैज्ञानिक डॉ सुधाकर सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर स्वयंसेवक मनीष सिंह, शोभिता सिंह, लवकुश, पुष्पेंद्र सिंह तथा आसपास गाँवों के प्रगतिशील किसान राजेंद्र मौर्य, काशीनाथ मिश्रा, शुभम यादव, विनोद मौर्य, अंगद पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

# भगवान विश्वकर्मा की झांकी के साथ निकली शोभा यात्रा

## विश्वकर्मा मंदिर नरियावां में हुआ पूजन-अर्चन कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर विश्वकर्मा मंदिर नरियावां प्रतापगढ़ में पूजन अर्चन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज से श्रृद्धालु उपस्थित हुए। आचार्य हरिओम शास्त्री ने मंत्रोच्चार कर भगवान विश्वकर्मा की कथा, हवन पूजन किया।

राधेश्याम विश्वकर्मा अनिल विश्वकर्मा संसारीपुर तथा साथ में बहुत से श्रृद्धालुओं ने संसारीपुर, शुकुलपुर, पूरे विन्दा आदि गांव होते हुए भगवान विश्वकर्मा के मंदिर पर शोभायात्रा का समापन किया। शोभायात्रा पूजन हवन के समापन के उपरांत प्रसाद वितरण कर सामाजिक चर्चा परिचर्चा के उद्देश्य से बैठक की गई। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ पदाधिकारीगण ओमप्रकाश विश्वकर्मा में सभी सहभागी मित्रों को साधुवाद देते हुए बधाई दिया।

इस मौके पर शिक्षक गिरीश विश्वकर्मा, सुभाषचंद्र विश्वकर्मा, जटाशंकर विश्वकर्मा, शिवाकांत विश्वकर्मा, रामयश विश्वकर्मा, रामफेर विश्वकर्मा, राधे श्याम, बुधराम विश्वकर्मा, जियालाल आदि लोग मौजूद रहे।



शोभा यात्रा में शामिल विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारी

### चोरी के माल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ।** थाना महेशगंज उ0नि0 दीपक कुमार यादव मय हमराही के साथ क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के बहोरिकपुर नहर पुल के पास से दो अभियुक्त श्रीपाल पुत्र स्व0 राम बहादुर नि0 गोपालापुर, झींगुर थाना महेशगंज, सुरेश सरोज पुत्र स्व0 राम औतार नि0 भीटी पूरे नैन ओझा का पुरवा थाना बाघराय को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की एक अदद टीवी व तीन अदद कम्बल बरामद किया।

# डिप्टी एसएस की गिरफ्तारी का निर्देश, थाने पहुंचे अधीक्षक, टीआई

## आउट डोर व्यवस्था समाप्त किये जाने से भड़के डिप्टी एसएस की अधिकारियों से नोंकझोंक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़। रविवार** को आउटडोर से एसएस और डिप्टी एसएस की डयूटी को खत्म किये जाने का विरोध डिप्टी एसएस ने किया तो उसे अधिकारियों का कोप भाजन बनना पड़ा। परिचालन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने डिप्टी एसएस के खिलाफ गिरफ्तारी का फरमान सुना दिया। उसके निर्देश पर स्टेशन अधीक्षक और टीआई रिपोर्ट लिखाने थाने भी पहुंच गये। इस अधिकारी के खिलाफ लामबंद मजदूर और मेंस दोनो यूनियनों के नेताओं ने आदेश को तुगलकी फरमान बताया है और सजा मुकर्रर के लिए लखनऊ बुलाये गये डिप्टी एसएस के पक्ष में उतर आई हैं। एसएस एसके यादव ने इसे वरिष्ठ मंडलीय परिचालन प्रबंधक लखनऊ का निर्देश बताया और डायरी में मैसेज कर दिया। यह बात सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। रविवार को आउट डोर पहुंचे एक डिप्टी एसएस को जानकारी हुई तो उन्होंने इस व्यवस्था का विरोध किया। बताया जाता है कि मामला इतना बढ़ गया कि परिचालन के वरिष्ठ अधिकारी ने लखनऊ से ही डिप्टी एसएस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने उनको गिरफ्तार करने का निर्देश दे डाला। उसके निर्देश पर टीआई, एसएस को लेकर थाने पर भी पहुंच गये थे। हालांकि बाद में मामला कुछ शांत हुआ तो सभी लौट आये। एसएस ऑफिस में बैठकर वार्ता हुई। उसके बाद कंट्रोलर ने एसएस और डिप्टी एसएस दोनो को सोमवार को पहली ट्रेन से लखनऊ बुलाया है।

### एसपी ने वाहन चेकिंग का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** रविवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही चेकिंग का निरीक्षण किया गया व पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### नदी में डूबने से वृद्ध की हुई मौत

**बाघराय, प्रतापगढ़।** जनपद के बाघराय थाना क्षेत्र के देवरीहरदोपट्टी गांव निवासी रामकिशन का बेटा रामफल (61) वर्ष शनिवार को दिन में लगभग तीन बजे मवेशी चराने के लिए गांव के बगल बकुलाही नदी के किनारे गया हुआ था। वृद्ध का मवेशी चरते हुए नदी के पानी में चला गया जिसे निकालने के लिए नदी के जल मे चला गया। वृद्ध गहरे पानी में डूब गया आसपास के लोग गये तो दिखाई नहीं पड़ा। परिजनों ने गहरे पानी में खोजा किंतु वृद्ध का पता नहीं चल सका। आज लगभग दस बजे के करीब वृद्ध का शव बकुलाही नदी देवरीहरदोपट्टी से एकसौ मीटर दूर नदी के किनारे उतराता दिखाई दिया तो इसकी सूचना गांव के लोगो ने बाघराय पुलिस को दी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीयम के लिए भेज दिया वृद्ध की मौत पर बृद्ध की पत्नी यशोदा बेटा संजीव राजू संजय रंजन राजेश एवं बेटी गुड़िया नीलू कंचन का रो-रो कर बुरा हाल है।

# जागरुकता का अभाव: कुछ मतदान पर पसरा रहा सन्नाटा

## मतदान केन्द्रों पर अपना नाम चेक कराने पहुंचे मतदाता



मतदान केन्द्र पर अपना नाम चेक करते मतदाता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आज सात नवम्बर रविवार को मतदान केन्द्रों पर बैठे बीएअलो द्वारा मतदाता सूची में अपना नाम देखने के लिये मतदाताओं को सूची दी गई। बता दें कि निर्वाचन आयोग ने सात नवम्बर, 14 नवम्बर, 21 नवम्बर व 28 नवम्बर को मतदाताओं को अपना नाम बीएलओ से सम्पर्क कर देखने की सुविधा दी है। जिनका नाम छूटा है, वे आधार कार्ड, दो रंगीन फोटो व जन्मदिन प्रमाण पत्र देकर अपना नाम जुड़वा भी सकते हैं। आज रविवार को नगर के तिलक इंटर कालेज, अबुल कलाम इंटर कालेज, पुराना माल गोदाम रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय में मतदाता अपना नाम लिखते देखे गये लेकिन अभी जागरुकता कम दिखाई दी। कुछ मतदान केन्द्रों पर तो सन्नाटा दिखाई दिया लेकिन कुछ मतदान केन्द्रों में बीएलओ की सक्रियता से लोग अपना नाम चेक कर ले रहे थे। अब अगले रविवार 14 नवम्बर को फिर यही प्रक्रिया इन्हीं मतदान केन्द्रों पर होगी।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान का एसडीएम पट्टी ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रविवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता को निर्वाचन सूची से जोड़ने के लिए चल रहे हैं मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की जांच करने के लिए एसडीएम पट्टी धीरेंद्र प्रताप सिंह कई केंद्रों पर निरीक्षण किया। इस दौरान सभी बीएलओ उपस्थित पाए गए। रविवार को एसडीएम पट्टी धीरेंद्र प्रताप सिंह पट्टी क्षेत्र के कन्या पाठशाला बीबीपुर, प्राथमिक विद्यालय बीबीपुर, बारडीह, स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी, प्राथमिक विद्यालय पट्टी प्रथम ,रामराज इंटर कॉलेज पट्टी में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया जिसमें सभी बीएलओ उपस्थित पाए गए।

# जहां मिली अवैध स्प्रिट, वह मकान हुआ जमींदोज, चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

अखंड भारत संदेश



पुलिस द्वारा इसी मकान को किया गया जमींदोज

**प्रतापगढ़।** रानीगंज थान क्षेत्र के सराय जमुनी गांव में राजापाल के जिस निमार्णाधीन मकान के तहखाने में आबकारी विभाग ने शनिवार को 38 ड्रम स्प्रिट बरामद किया था, उस मकान को पुलिस ने जमींदोज कर दिया और चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। इससे क्षेत्र के शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि अभी कुछ दिन पहले एक भाजपा नेता के सरकारी गोदाम में अवैध शराब बरामद होने के बाद राजापाल ने अपनी अवैध स्प्रिट तहखाने में छिपा दी थी लेकिन आबकारी विभाग व थानाध्यक्ष रानीगंज ने सराय जमुनी गांव में शनिवार को छापा मारकर 38 ड्रम स्प्रिट बरामद किया था। इसके आरोपी भाग गये थे लेकिन पुलिस ने राजापाल के मकान को ध्वस्त करके चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस को आशा है कि जल्दी ही वह गिरफ्त में आ जाएंगे। बता दें कि रानीगंज क्षेत्र में इन दिनों शराब और स्प्रिट की बरामदगी के बाद से आबकारी विभाग के कान खडे. हो गये हैं। आबकारी विभाग का मानना है कि अवैध शराब पर अगर अंकुश न लगाया गया तो विधान सभा चुनाव में कोई बड़ी घटना हो सकती है।

## वरिष्ठ अधिवक्ता जमुना प्रसाद के निधन पर अधिवक्ताओं ने जताया शोक

अखंड भारत संदेश



जमुना प्रसाद शुक्ल

**प्रतापगढ़।** जनपद मुख्यालय पर वकालत की प्रैक्टिस करने वाले लगभग 75 वर्षीय वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित जमुना प्रसाद शुक्ल के इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन पर वकील परिषद सहित जनपद के अधिवक्ताओं में शोक की लहर है। अधिवक्ताओं ने शोक संवेदना प्रकट करने के साथ ही परमपिता परमात्मा से उनकी आत्मा को शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार कष्ट को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु प्रार्थना किया है। अधिवक्ताओं ने श्री शुक्ला के निधन को न्याय के क्षेत्र में अपूर्णनीय क्षति बताया है। वे सरल स्वभाव के वकालत पेशे के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में वकील परिषद के पूर्व अध्यक्ष पंडित स्वामीनाथ शुक्ला, पंडित राम सेवक त्रिपाठी प्रशांत, राधेश्याम शुक्ला, वर्तमान अध्यक्ष रामनिवास उपाध्याय, मंत्री अवधेश ओझा, उपाध्यक्ष अनिल कुमार उपाध्याय, पूर्व अध्यक्ष गणेश नारायण मिश्र, देवानंद त्रिपाठी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ब्लाक मुख्यालयों पर होगी जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता

## बैठक कर बनी खेल स्पर्धा की रुपरेखा

अखंड भारत संदेश



जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता की बैठक में मौजूद अतिथिगण

**प्रतापगढ़।** जनपद में आयोजित होने वाली सांसद खेल स्पर्धा के संबंध में रविवार को विकास भवन के युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल विकास विभाग में बैठक हुई। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 22 नवंबर से 25 नवंबर के बीच क्रीड़ा प्रतियोगिताएं सम्पन्न होगी। जनपद मुख्यालय पर 27 एवं 28 नवंबर को जनपद स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताएं आयोजित होगी।

बैठक में इस बात पर सहमति व्यक्त की गई कि विकास खण्ड आसपुर देवसरा, पट्टी, गौरा, शिवगढ़, बाबा बेलखरनाथ धाम, मंगरौरा, सदर, मांधाता, सांडवा चंडिका, सांगीपुर, लालगंज, रामपुर संग्रामगढ़, लक्ष्मणपुर में 8, 9 एवं 10 नवंबर को प्रतिभागियों के खेल पंजीकरण का कार्य आरंभ कर दिया जाएगा, जिसमें 17 वर्ष से कम आयु के तथा 17 से 21 वर्ष आयु के बालक/बालिकाओं के प्रतिभाग किए जाने की व्यवस्था की गई है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अभिषेक पाण्डेय, जिला युवा कल्याण अधिकारी अरुण सिंह, सांसद खेल स्पर्धा के सदस्य समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य व समस्त विकास खण्डों के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र के वालेंटियर्स, विवेक उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# इसी माह शुरू हो सकता है बाईपास का निर्माण, टेण्डर प्रक्रिया पूरी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ शहर के प्रस्तावित बाईपास मार्ग के लिये टेण्डर हो गया है। आशा है कि नवम्बर माह के अंत तक इस बाईपास का निर्माण शुरू हो जाएगा। यह जानकारी सांसद संगम लाल गुप्ता के करीबी विवेक उपाध्याय ने देते हुए बताया कि टेण्डर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नवम्बर के अंतिम सप्ताह में बाईपास का कार्य निश्चित रुप से शुरू हो जाएगा।

बता दें कि मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में तत्कालीन सांसद कुंवर हरिवंश सिंह ने चुनाव जीतने के बाद पहली प्रेसवार्ता में बाईपास के स्वीकृत होने की बात पत्रकारों को बताई थी लेकिन उनके पांच वर्ष के कार्यकाल में अधिकारियों का सहयोग न मिलने से बाईपास के लिये अधिग्रहीत जमीन का पूरा मुआवजा नहीं बंट पाया। इससे इसका टेण्डर नहीं हो पा रहा था। भाजपा के दूसरे कार्यकाल में बचे किसानों को मुआवजा बांटा गया और अब टेण्डर हुआ है। टेण्डर की प्रक्रिया पूरी हो गई है। सांसद संगम लाल गुप्ता का प्रयास है कि इसी माह बाईपास का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाए। यह बाईपास प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर स्थित गोडे. गांव से शुरू होकर पूरे केशवराय स्थित राजकीय मेडिकल कालेज के सामने से होता हुआ भुपियामऊ-कटरा रोड पर मिलेगा। इस बाईपास के बन जाने से जहां शहर में बडे. वाहनों का दबाव कम होगा, वहीं शहर का विकास भी होगा। इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि पट्टी टाउन एरिया में में बाईपास वर्षों पहले बन गया लेकिन प्रतापगढ़ जैसे शहर मुख्यालय का बाईपास अभी तक नहीं बन सका था जिससे राजमार्ग पर बडे. वाहनों का दबाव ज्यादा था और आए दिन दुर्घटनाएं होती थी। अब आशा बनी है कि बाईपास बन जाने से नागरिकों को कुछ राहत मिलेगी।

## तमंचे के साथ दो आरोपी धराए

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने बर्थडे कार्यक्रम के दौरान स्टेज पर तमंचा लहराते डांस करने वाले दो युवको को रविवार की सुबह गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। कोतवाल कमलेश पाल ने दी गई तहरीर मे कहा है कि क्षेत्र के पूरे जनई गांव मे बीती इक्तीस अक्टूबर की रात्रि आयोजित बर्थडे कार्यक्रम मे दो युवको द्वारा स्टेज पर तमंचा लहराते डांस करने का वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो के आधार पर छानबीन के दौरान आरोपित युवकों जीतेन्द्र पाल पुत्र रामदेव पाल निवासी पूरे जनई व मोहित सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह निवासी महमदपुर थाना महेशगंज का नाम प्रकाश मे आया। दोनों आरोपितो को रविवार की सुबह आठ बजकर दस मिनट पर खण्डवा तिराहा से गिरफ्तार किया गया। आरोपितो के पास से एक एक तमंचा व कारतूस की बरामदगी की गई। आरोपितो के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा मे मुकदमा दर्ज किया गया है। रविवार को दोनों आरोपितो को जेल भेज दिया गया।

### महेशगंज पुलिस ने तीन वांछित को दबोचा

**परियावां, प्रतापगढ़।** थाना महेशगंज उ0नि0 विवेक कुमार मिश्रा मय हमराह के साथ देखभाल क्षेत्र/ चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के माघी चौनगढ़ मोड़ के पास से तीन वांछित अभियुक्त शईद पुत्र मो0 मोहीद खान ,रईश पुत्र मो0 मोहीद, मो0 इरशाद पुत्र शईद नि0गण माघी थाना महेशगंज को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके जेल भेजा तथा घटना में प्रयुक्त तीन अदद डण्डा/ लाठी बरामद किया।

## जरूरतमंदों की दवा जुटाने को खुला कलेक्शन सेंटर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दवा के अभाव में किसी जरूरतमंद की सेहत नहीं खराब होगी। लोगों से एकत्र की गई दवाओं से ऐसे बेसहारा लोगों का इलाज होगा। दवाओं को एकत्र करने का बीड़ा बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने उठाया है। इसके लिए जगह जगह दवा कलेक्शन केंद्र बनाये जाएंगे। भंगवा गांव में इस तरह का पहला दवा एकत्र केंद्र खोलकर बीबीएफजी ने मुहिम की शुरूआत कर दी। बीमारी से निजात पाने के बाद लोग दवओं को किनारे कर देते हैं। इसकी जरूरत नहीं समझी जाती है। घरों में दवा इधर उधर, मारी मारी फिरती है। कुछ दिन उसकी जगह कूड़ेदान में होती है। बाहर फेंकने से ये प्रकृति पर बुरा प्रभाव डालती है। ग्लोबल वार्मिंग को भी खतरा बढ़ जाता है। इन दवाओं को घर घर जाकर लोगों से एकत्र करके उनका इस्तेमाल जरूरतमंद के इलाज में हो सके। इसके लिए बीबीएफजी ने कुछ दिनों पहले एक खाका तैयार किया था। जिसमें लोगों से एकत्र की गई दवाओं को स्वास्थ्य महकमे को दान करने का निर्णय लिया गया।

### केंद्रों पर खाद, बीज के लिए परेशान हैं किसानः संजय मिश्रा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** क्रय केंद्रों पर खाद और बीज जैसी मूलभूत सुविधाएं किसानों को नहीं मिल रही है, किसान परेशान हैं और उनकी समस्या सुनने वाला कोई नहीं है सरकार सो रही है। उक्त बातें 249 विधानसभा पट्टी के कांग्रेसी नेता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य संजय मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि पट्टी क्षेत्र के किसान खाद के लिए परेशान है लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है उन्होंने कहा कि वैसे भी यह भाजपा सरकार किसान विरोधी है किसानों पर जो जुल्म और ज्यादती लगातार की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### माननीयों के बीच खिंची तलवारों का खामियाजा आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को भुगतना पड़ेगा

**कौशाम्बी।** एक मंच पर उपस्थित होकर माला पहनने वाले और योगी मोदी का गुणगान करने वाले माननीयो के बीच आपसी खींचतान चरम पर है जिले के माननीयों के बीच राजनैतिक प्रतिद्वंदिता को लेकर तलवारे खिंच चुकी हैं और राजनैतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते माननीय एक दूसरे को नीचा दिखाने पर जोर आजमाइश कर रहे हैं तीन जिले की राजनीति करने वाले एक माननीय अपने ही पार्टी के एक विधायक का टिकट कटाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा चुके हैं हालांकि राष्ट्रीय खुद को पदाधिकारी बताने वाले माननीय के आपसी खींचतान के चलते विधायक की शिकायत के मामले को लेकर भाजपा हाईकमान माननीय की मंशा जान चुकी है और शिकायत करने वाले माननीय की बातें पर भाजपा हाई कमान ने कोई भी तवज्जो नहीं दिया है लेकिन फिर भी एक विधायक का टिकट कटवाने के लिए एक माफिया अपराधी पुत्र को आगे कर उसे विधायकी का ख्वाब दिखाकर उसकी काली कमाई का माल हजम करने में माननीय पीछे नहीं है काली कमाई में लगे माफिया पुत्र भी माननीय की जी हुजूरी कर विधायक बनाने का सपना देख रहे हैं लेकिन माफिया अपराधी के पुत्र के विधायकी का सपना पूरा होता दिखाई नहीं दे रहा है।

# मान सम्मान का हवाला देकर परिजनों ने कर दी बालिका की हत्या

## बालिकाओं की हत्या किए जाने के मामले में मानवाधिकार आयोग महिला संगठन भी केवल बड़ी-बड़ी बात करने तक सीमित रह गया है

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** कोखराज थाना के अंतर्गत हिसामपुर परसखी गांव में मान सम्मान को लेकर एक बालिका की हत्या कर दी गई है जानकारी मिलने पर मौके पर स्थानीय चौकी पुलिस पहुंची है और बालिका के लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बालिका का अपने रिश्ते के एक लड़के से शारीरिक संबंध थे परिजनों ने उस लड़के के साथ बालिका की आपत्तिजनक में देख लिया जिस पर वह अपना मानसिक संतुलन खो बैठे और मान सम्मान का हवाला देते हुए गला घोटकर बालिका की हत्या कर दी गई है।

घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के हिसामपुर परसखी गांव निवासी ममता पटेल उम्र लागभग 22 वर्ष पुत्री सुरेमान पटेल का रिश्तेदार के एक लड़के से संबंध हो गया था रविवार को भी सुबह वह लड़का ममता पटेल से मिलने उसके घर पहुंचा था इस बात की जानकारी ममता पटेल के परिजनों को हो गई और उन्होंने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया जिस पर बालिका के परिजन अपना मानसिक संतुलन खो बैठे और उन्होंने बालिका


बालिका की हत्या के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण

की पिटाई करने के बाद उसकी गला घोट कर हत्या कर दी है बालिका के परिजनों का रौद्र रूप देख कर युवक मौके से फरार हो गया है जब ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंची तो बालिका की लाश जमीन पर पड़ी थी परिजनों का कहना है कि कमरे के अंदर छत के चुल्ले में बालिका ने फांसी लगाई है जब मौके पर पुलिस पहुंची है तो जमीन पर लाश पड़ी थी पुलिस ने बालिका के लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बालिका की मौत के बाद परिजनों के चेहरे पर तनिक भी दुख और गम के भाव नहीं थे मौके पर मौजूद किसी भी व्यक्ति के आंखों से आंसू नहीं दिखाई दे रहे थे बालिका की हत्या किए जाने के बाद उन्हें तनिक भी पछतावा और गम नहीं है मान सम्मान और अवैध संबंधों को लेकर जिले में ऑनर किलिंग की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं लेकिन पुलिस इस तरह की घटनाओं पर गंभीर नहीं है बालिकाओं की हत्या परिजनों द्वारा किए जाने के मामले में मानवाधिकार आयोग महिला संगठन भी केवल बड़ी-बड़ी बात करने तक सीमित रह गया है।

## न्यूज झरोखा

### यातायात पुलिस द्वारा अपील सड़क पर बच्चों को न खेलने दें और न ही जानवर आदि बांधें



**अझुवा कौशाम्बी।** यातायात माह के दौरान शनिवार को यातायात पुलिस और सैनी कोतवाली पुलिस ने आम जनमानस वाहन चालकों के बीच पहुंचकर यातायात जागरूकता कार्यक्रम चलाया है आम जनता वाहन चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई है लोगों से अपील की गई है कि वह सुरक्षित रहें और बेवजह सड़कों पर बच्चों को ना आने दे। यातायात माह नवंबर 2021 के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शनिवार दिनांक 6 नवम्बर को जनपद के नेशनल हाईवे नंबर-2 एवं सैनी से लेहदरी पुल तथा मंझनपुर से सिराथ मार्ग पर निवास करने वाले स्थानीय लोगों को यातायात पुलिस टीम एवं थाना सैनी की महिला आरक्षियों द्वारा संयुक्त रुप से यातायात के नियमों से जागरूक किया गया साथ ही दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने के उद्देश्य से बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में बताते हुए नियमों की जानकारी विषयक पम्पलेट्स का वितरण पुलिस द्वारा किया गया स्थानीय लोगों से पुलिस द्वारा अपील की गई कि वह सड़क पर बच्चों को न खेलने दे और न ही जानवर आदि बांधें। अपने वाहन या अन्य सामान सड़क से दूर रखें तथा दुर्घटना के समय घायलों की मदद अवश्य करें।यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही संपादित की गई साथ ही जनपद भ्रमण में आये उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के वीआइपी कार्यक्रम एवम रोड व्यवस्था डियूटी को कुशलता पूर्वक यातायात और सैनी कोतवाली पुलिस द्वारा सम्पन्न कराया गया है।

### एसडीएम सीओ सिराथू ने बूथों का निरीक्षण कर कमियों को पूरा करने का दिया आदेश



**कोखराज कौशाम्बी।** उप जिलाधिकारी सिराथू और क्षेत्राधिकारी सिराथू ने संयुक्त रूप से मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और वहां की स्थितियों का जायजा लिया इस दौरान मतदान केंद्रों में मतदाताओं के नामों को सुधार करने उनका नाम दर्ज करने के निर्देश अधिकारियों ने बीएलओ को दिया है दोनों अधिकारियों ने मतदान केंद्रों में मतदान के दौरान आने वाली समस्याओं का गहन अध्ययन किया और उसे दूर करने का निर्देश दिया है सिराथू तहसील के कोखराज राला काकरा बाद ग्राम में उप जिला अधिकारी और क्षेत्राधिकारी साथ-साथ पहुंचे हैं और मतदान बूथों का निरीक्षण किया जिसमें राला ग्राम में दो बूथ 75 व 76 का एसडीएम सिराथू ने निरीक्षण किया जिसमें पीने के पानी की टोटी व शौचालय खराब पाए गए जिसको तहसीलदर ने मौके पर रहे वी एल ओ चन्द्र भान को तत्काल सुधार करने को कहा अधिकारियों ने बताया कि मतदान बूथों में मतदाता सूची सुधार करने के लिए और नए मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए अभियान लगातार चलेगा उन्होंने बताया कि इस अभियान का निरीक्षण 7 नवम्बर 13 नवम्बर 21 नवम्बर व 27 नवम्बर तक चलेगा इस मौके पर कानून गो रियाज अहमद लेखपाल व वी एल ओ उपस्थिति रहे।

### आधुनिक भारत के बेजोड़ शिल्पी थे सरदार पटेल : प्रीतम पटेल



**कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती के सरदार वल्ल्भ भाई पटेल विद्यालय में रविवार को बड़ी धूमधाम से आजाद भारत के प्रथम गृहमंत्री व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 146 वी जयंती मनाई गई सरदार पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद अपना विचार व्यक्त करते हुए समाज सेवी प्रीतम पटेल ने कहा कि आज जो भारत का नक्सा है वो सरदार पटेल की निर्भीकता निडरता अदम्य साहस की वजह से हुआ है देश की छोटी छोटी 563 रियासतों को एक कर आधुनिक भारत का उन्होंने निर्माण किया सरदार पटेल हमेसा से छुआ छूत के विरोधी थे उन्होंने कहा कि देश की तरक्की में छुआ छूत सबसे बड़ा बाधक होता है उनकी दृष्टि में सबसे बड़ा कारण अशिक्षा है जब लोग शिक्षित होंगे तो बुराइयां अपने आप समाप्त हो जाएगी देश की किसानों की दयनीय स्थिति को लेकर वह हमेशा चिंतित रहते रहे उन्होंने किसान के उपज का उचित मूल्य मिले इसी को लेकर उन्होंने कृषि को उधोग का दर्जा दिलाने का प्रयास किया समाज सेवी प्रीतम पटेल ने आगे कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जी ने देश को भौगोलिक राजनैतिक आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया सरदार पटेल जी ने कहा कि दुनिया की तरक्की के लिए तीन चीजें बहुत आवश्यकता रहती है पहला बहता हुआ पानी दूसरा दौड़ता हुआ ट्रांसपोर्ट और अंकुरित बीज इनको सुब्यावस्थित रूप से प्रबंध कर देश को खुशहाली की तरफ ले जाया जा सकता है उन्होंने देश की समस्त नदियों को एक दूसरे से जोड़ने का प्रयास किया देश का एकीकरण सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने बिना खून खराबा किये एक विशाल भारत की निर्माण किए कार्यक्रम का आयोजन अनिरुद्ध सिंह पटेल ने किया इस दौरान मैकू लाल पटेल बब्बू सिंह पूर्व प्रधान सम्भूनाथ पटेल राम प्रकाश पटेल आशीष पटेल चंद्र भान सिंह अमर सिंह पटेल विजय सिंह भारत लाल पूर्व फौजी मदन सिंह पूर्व फौजी उदय सिंह पूर्व प्रधान सुरेश सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# कानून व्यवस्था में पूरी तरह से फेल है भाजपा सरकार : पूर्व मंत्री

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पश्चिम सरीरा कस्बे में समाजवादी पार्टी की रैली में उपस्थित भीड़ को संबोधित करते हुए पूर्व काबीना मंत्री समाजवादी नेता इंद्रजीत सरोज ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह से कानून व्यवस्था में फेल है मंहगाई चरम पर है आम जनता महंगाई से परेशान है हत्या लूट डकैती बलात्कार से आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है उन्होंने कहा कि कोरोना काल में आम जनता को साधन नहीं मिल सके आम जनता परेशान रही कोरोना वायरस से रोजगार बंद हो गया जिससे गरीबों के सामने भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई लेकिन योगी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार दीया बाती जलाती रह गई उन्होंने कहा कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के


काबीना मंत्री इंद्रजीत सरोज का स्वागत करते सपाई

कार्यकाल में जनहित के तमाम योजनाएं संचालित की गई हैं जिससे आम जनता को लाभ मिला है उन्होंने अखिलेश सिंह सरकार की तमाम योजनाओं का बखान किया है भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल शिलान्यास पर शिलान्यास कर रही है जमीनी हकीकत में कोई कार्य नहीं हो रहा है इस मौके पर पूर्व चेयरमैन कैलाश चंद्र केसरवानी शिव मोहन चौधरी गुलाम हुसैन एमएलसी मान सिंह यादव सबिह हैदर मीनू सुभाष सिंह पटेल पूर्व प्रमुख सहित तमाम समाजवादी पार्टी के नेताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया है।



## उदहिन दशहरा मेला में डी जे कॉम्पटीशन में सुपर म्यूजिक सिस्टम ने जीती बाजी

**कौशाम्बी।** धनतेरस पर्व पर आयोजित श्री राम जानकी दशहरा मेला उदहिन बुजुर्ग में डी जे कॉम्पटीशन का भी आयोजकों ने आयोजन किया था। कॉम्पटीशन मुकाबले में सुपर म्यूजिक सिस्टम ने अपने करीबी विश्वकर्मा डी जे कैमा को पछाड़ते हुए बाजी मारी थी। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने सुपर म्यूजिक सिस्टम के संचालक रामबाबू को ग्यारह हजार रुपए नगद पुरस्कार प्रदान कर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर मेला कमेटी के संरक्षक डॉ राजेंद्र प्रसाद, मेला कमेटी उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, मेला कमेटी महासचिव कल्लू केसरवानी एवं अन्य तमाम मेला कमेटी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। गौरतलब है कि उदहिन चौराहा में धनतेरस के मौके पर दो दिवसीय दशहरा मेला का आयोजन किया गया था। मेले में डी जे कॉम्पटीशन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। इस मुकाबले में सुपर म्यूजिक सिस्टम ने बाजी मारी थी और रात्रि के दो बजे मेला में डटे रहकर अपने दमदार प्रदर्शन से लोगों को आकर्षित किया था जबकि विश्वकर्मा डी जे रात्रि डेढ़ बजे मैदान छोड़ कर भाग गया था और लोगों ने विश्वकर्मा डी जे को काफी ताने भी सुनाए थे। जबकि सुपर म्यूजिक सिस्टम के आगे तमाम लोग नाचते नजर आए थे। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कमेटी के कई पदाधिकारियों के साथ जीते डी जे संचालक रामबाबू को ग्यारह हजार रुपए नगद पुरस्कार देकर एवं माला पहनाकर उन्ह सम्मानित किया है। इस अवसर पर शिव भूषण सिंह यादव पूर्व प्रधान, कैलाश मौर्य, गुड्डू गौतम, टिंकू मौर्य आदि मौजूद रहे।

# डीजीपी को शिकायत करते ही शराब कारोबारियों पर पुलिस का छापा


शराब भट्ठियों पर कार्यवाही के दौरान मौजूद भारी पुलिस फोर्स

अखंड भारत संदेश

**मौके पर मिला 2 कुंटल निर्मित शराब और 25 कुंतल अर्ध निर्मित शराब का जखीरा**

**स्थानीय पुलिस संरक्षण में चल रही थी शराब भट्टी आखिर चौकी पुलिस और आबकारी निरीक्षक पर कब होगी कार्रवाई**

**अझुवा कौशाम्बी।** जिले के विभिन्न थाना और पुलिस चौकियों के क्षेत्र में अवैध शराब की भट्ठी संचालित होना आम बात हो गई है स्थानीय पुलिस शराब भट्टी के ऊपर कार्यवाही नहीं करती है सूत्रों की मानें तो तीन हजार रुपए महीने शराब भट्ठियों से स्थानीय पुलिस वसूली है आबकारी पुलिस भी शराब भट्टी संचालकों से मोटी रकम वसूलती है जिससे आबकारी निरीक्षक शराब भट्ठियों के संचालन पर अनदेखी करते हैं सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा में शराब के अवैध भट्ठी का कारोबार कई दशक से बेखौफ चल रहा है जब कभी अवैध शराब भट्ठी के संचालन की शिकायत शासन और पुलिस आला अधिकारियों से हुई तो जांच के दौरान बड़ा जखीरा मिलता है आखिर यह कब तक चलता रहेगा रविवार को फिर अझुवा में अवैध शराब भट्ठी के संचालन की शिकायत शासन से लेकर डीजीपी तक नगर वासियों ने की जिस पर पुलिस कप्तान क्षेत्राधिकारी सहित भारी फोर्स मौके पर पहुंची जहां शिकायत सही पाई गई और जांच के दौरान कनपुरिया नामक एक आदमी के नेतृत्व में डेढ़ सौ भट्ठी संचालन किये जाने की बात प्रकाश में आई है। क्षेत्रधिकारी सिराथू के नेतृत्व में पुलिस की छापामार कार्यवाही में अझुवा के वार्ड नम्बर 3 शांति नगर में 220 लीटर अवैध शराब हर 25 कुंतल से अधिक लहन अर्ध निर्मित शराब बरामद हुई जमीन में फावड़ा और कुदाल के माध्यम से 3 दर्जन से अधिक स्थान की खुदाई कराई गई जहां करीब 220 लीटर अवैध शराब बरामद की गई मजे की बात यह है इतने बड़े अभियान के बाद भी एक भी अवैध शराब कारोबारी पुलिस की गिरफ्त में नही आया आखिर पुलिस अधिकारियों के छापामार कार्रवाई की सूचना किसने लीक की है विभाग का वह कौन बिभीषन है बड़े पैमाने पर अवैध शराब की भट्ठियों के संचालन के बाद भी स्थानीय पुलिस पर कठोर कार्यवाही कर मुकदमा नहीं दर्ज कराया गया है जो व्यवस्था पर तमाम सवाल खड़े कर रहा है।

# विधायक की जनसुनवाई में उमड़ी फरियादियों की भीड़

## 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर 165 शिकायती पत्र अधिकारियों को भेजकर जल्द निस्तारण करने का विधायक ने दिया निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रत्येक सप्ताह की तरह इस रविवार को भी विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता के केंद्रीय कार्यालय भरवारी में जन सुनवाई कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया जन सुनवाई के दौरान विधायक संजय गुप्ता के समक्ष 173 शिकायतें प्राप्त हुई ज्यादातर शिकायतें जमीनी विवाद व प्रधानमंत्री आवास से संबंधित रही। 8 शिकायतों को विधायक ने मौके पर पीड़ितों से वातार्लाप कर जनसुनवाई में ही निस्तारण कर दिया शिकायत निस्तारण होने के बाद पीड़ित विधायक का गुणगान करते चले गए शेष बची शिकायतों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को पत्र के माध्यम से निस्तारण हेतु विधायक चायल ने निर्देशित किया।

शिकायतकर्ता मे मुख्य रूप से शेखपुर रसूलपुर के शाहीपर से लल्लू सिंह ने बताया कि गांव के ही कृष्णा प्रसाद ने दबंगई के बल पर मेरी भूमिधरी जमीन कब्जा कर लिया है, बड़ी धमनी से कमला देवी ने गांव के ही अनवर द्वारा जबरन जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया, गुड़िया देवी मलिकपुर महेवा ने पारिवारिक विवाद को बताते हुए मदद की अपील की अनीता देवी टीकरडीह ने प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने के लिए प्रार्थना पत्र


पीड़ितों की समस्याओं को सुनते चायल विधायक संजय गुप्ता

दिया, कृतिका गुप्ता भरवारी ने अपने ही परिवार के विवाद को प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताते हुए सहयोग की मांग की सुनील मौर्या महगांव ने गांव के ही मोहम्मद अहमद पर जबरन विवाद करने का आरोप लगाते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग सहित तमाम शिकायती पत्र लेकर फरियादी विधायक के दरबार में पहुंचे और समस्याओं के निस्तारण की मांग की विधायक श्री गुप्ता ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन के माध्यम से व पत्र के माध्यम से सभी शिकायतों को अभिलंब निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

## कई उपनिरीक्षको के कार्य क्षेत्र में हुआ बदलाव

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिये कई उपनिरीक्षको के कार्य क्षेत्र में बदलाव किए है उपनिरीक्षक अभिषेक राय को नारा चौकी इंचार्ज बनाया गया।उपनिरीक्षक कामता प्रसाद को क्राइम ब्रांच से चौकी प्रभारी पथराव थाना सैनी की जिम्मेदारी सौंपी गयी है ।उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार यादव थाना कड़ा को चौकी प्रभारी शमशाबाद थाना मंझनपुर की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।उपनिरीक्षक अरुण कुमार मौर्य चौकी प्रभारी शमशाबाद थाना मंझनपुर को चौकी प्रभारी टेवा थाना मंझनपुर बनाया गया है उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार वर्मा चौकी प्रभारी अवाना आलमपुर थाना करारी को थाना पश्चिम शरीरा भेजा गया है।

# तमजीद अहमद की ललकार बनेगी यूपी में कांग्रेस की सरकार

अखंड भारत संदेश

**तमजीद अहमद ने कहा कि मंझनपुर चायल सीटों के साथ साथ सिराथू विधानसभा सीट भी जीतेंगे कांग्रेस प्रत्याशी**

**कौशाम्बी।** कांग्रेस के नेता तमजीद अहमद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। आम जनता त्रस्त है और आम जनता अब उत्तर प्रदेश में स्थाई सरकार चाहती है जो केवल कांग्रेश दे सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ही देश प्रदेश का विकास कर सकती है। राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी और उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के आह्वान पर शनिवार को सिराथू में अल्पसंख्यकों के संकल्प पत्र के मुद्दों को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन जिला अल्पसंख्यक चेयरमैन तमजीद अहमद के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संकल्प पत्र सिर्फ वादा नहीं बल्कि जनता को वचन है, उन्होंने कहा जिस तरह से कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं को टिकट में 40% भागेदारी दी है वह ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही किसानों का



मंचासीन कांग्रेसी नेता

संपूर्ण कर्जा माफी का फैसला भी लिया जायेगा। किसानों के अनाज की खरीद दारी को सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद बिजली का बिल सबका हाफ किया जाएगा। कोरोना में आर्थिक मार झेलने वालों को आर्थिक मदद की जायेगी। 20 लाख सरकारी रोजगार का सृजन किया जाएगा। इसके अलावा छात्रों, बेरोजगारों को लेकर पार्टी का विशेष ध्यान रहेगा।

उन्होंने कहा अल्पसंख्यकों के मुद्दों को लेकर भी पार्टी पूरी तरह से संजीदा है। चाहे वह बुनकरों का मुद्दा हो, शिक्षा का मामला हो या रोजगार का मामला हो। अल्पसंख्यकों को लेकर कांग्रेस का संकल्प है कि सच्चर कमेटी कि सिफारिशों को पूर्णतः लागू कराया जाए उन्होंने कहा कि पासमंदा मुसलमानों के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि जो पिछड़ गए हैं उन्हें भी पूरी तरह से सब के साथ मजबूती से खड़ा किया जा सके पार्टी के आगामी चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी जिले कि तीनों विधानसभा सीट पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि सिराथू विधानसभा की सीट भी कांग्रेस पार्टी इस बार जीत कर एक बार फिर से इतिहास रचने जा रही है। अपने प्रत्याशी होने की बात को वह टाल गए और कहा पार्टी जो भी फैसला लेगी वही सर्वोपरि है। इस मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता मो शाहिद सिद्दीकी, वाइस चेयरमैन अली अहमद, वाइस चेयरमैन सरवर आलम,जिला अल्पसंख्यक सचिव नदीम अहमद, सैय्यद दाऊद, सिंटू मिश्रा, शिवम मौर्य, ऊदल पासी, अदनान खान, राहुल कुशवाहा सहित तमाम कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

### आखिर हुई कटौती, बीजेपी की चुनावी चिंता से उपजा है यह फैसला

ताजा कटौती के बाद भी पेट्रोल पर 27.90 रुपये और डीजल पर 21.80 रुपये प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी लगती है, जो पिछली सरकारों के कार्यकाल के दौरान लगने वाली ड्यूटी के मुकाबले बहुत ज्यादा है। हालांकि आज के हालात और चुनौतियों की तुलना पिछली सरकारों के कार्यकाल से नहीं की जा सकती। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के बाद दीपावली से ऐन पहले सरकार ने इन पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी में क्रमशः 5 रुपये और 10 रुपये प्रति लीटर कटौती की। इससे लोगों को तत्काल कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन सरकार के इस कदम का वैसा उत्साहपूर्ण स्वागत नहीं हुआ, जैसी उम्मीद की जा रही थी। कारण संभवतः यह है कि आम लोगों के लिए इस फैसले को सरकार की संवेदनशीलता से जोड़कर देखना संभव नहीं हो पा रहा। पिछले काफी समय से पेट्रोल और डीजल कीमतों का लगातार बढ़ता बोझ आम लोगों के लिए जीना मुश्किल किए हुए था। मगर सरकार ने कभी यह संकेत नहीं दिया कि वह इसे लेकर चिंतित है या इसे कम करने के उपायों पर विचार कर रही है। सरकार का यह फैसला 29 विधानसभा सीटों और 3 लोकसभा सीटों पर हुए उपचुनावों के नतीजे घोषित होने के बाद आया है, जिन्हें कांग्रेस के लिए उत्साहवर्धक और बीजेपी के लिए चिंताजनक माना गया। स्वाभाविक ही इससे यह संदेश गया कि बीजेपी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड समेत 5 राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों में पड़ने वाले असर को लेकर चिंतित है और ताजा फैसला इसी चुनावी चिंता से उपजा है।

इसका मतलब यह माना गया कि इन राज्यों में चुनाव होते ही पेट्रोल और डीजल के भाव फिर ऊपर का रुख कर लेंगे। दूसरी बात यह कि पिछले कुछ समय में इनके दाम में जो असाधारण बढ़ोतरी हुई है, उसके मुकाबले यह कटौती बहुत कम है। 2021 की ही बात करें तो साल की शुरूआत से अब तक पेट्रोल और डीजल के भाव करीब 28 रुपये और 26 रुपये प्रति लीटर बढ़ाए जा चुके हैं। इस मुकाबले 5 रुपये और 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती को राहत माना भी जाए तो कैसे खासकर तब, जब इसके पीछे अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों से ज्यादा बड़ी भूमिका एक्साइज ड्यूटी की हो। ताजा कटौती के बाद भी पेट्रोल पर 27.90 रुपये और डीजल पर 21.80 रुपये प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी लगती है, जो पिछली सरकारों के कार्यकाल के दौरान लगने वाली ड्यूटी के मुकाबले बहुत ज्यादा है। हालांकि आज के हालात और चुनौतियों की तुलना पिछली सरकारों के कार्यकाल से नहीं की जा सकती। लेकिन पेट्रोल और डीजल के ऊंचे भाव न केवल शहरों और गांवों के आम वाहनधारकों को प्रभावित करते हैं बल्कि फसलों की सिंचाई और माल ढुलाई का खर्च बढ़ाकर आम तौर पर महंगाई का स्तर बढ़ा देते हैं। इसलिए जरूरी है कि सरकार पेट्रोल-डीजल के दाम में और कमी लाने पर विचार करे।

# प्राकृतिक प्रणालियों पर प्रहार करता जलवायु परिवर्तन

डॉ.शंकर सुवन सिंह

करोड़ों वर्ष पूर्व पृथ्वी एक तपता( आग )हुआ गोला थी। जैसे जैसे समय बीतता गया तपते हुए गोले से सागर,महाद्वीपों आदि का निर्माण हुआ। पृथ्वी पर अनुकूल जलवायु ने मानव जीवन तथा अन्य जीव सृष्टि को जीवन दिया जिससे इन सबका जीवन-अस्तित्व कायम रखने वाली प्रकृति का निर्माण हुआ। मानव प्रकृति का हिस्सा है। प्रकृति व मानव एक दूसरे के पूरक हैं। प्रकृति के बिना मानव की परिकल्पना नहीं की जा सकती प्रकृति दो शब्दों से मिलकर बनी है झ प्र और कृति। प्र अर्थात प्रकृष्टि (श्रेष्ठ/उत्तम) और कृति का अर्थ है रचना। ईश्वर की श्रेष्ठ रचना अर्थात सृष्टि। प्रकृति से सृष्टि का बोध होता है।

प्रकृति अर्थात वह मूलत्व जिसका परिणाम जगत है। कहने का तात्पर्य प्रकृति के द्वारा ही समूचे ब्रह्माण्ड की रचना की गई है। प्रकृति दो प्रकार की होती है- प्राकृतिक प्रकृति और मानव प्रकृति। प्राकृतिक प्रकृति में पांच तत्व- पृथ्वी,जल,अग्नि,वायु और आकाश शामिल हैं। मानव प्रकृति में मन, बुद्धि और अहंकार शामिल हैं। प्रकृति और मनुष्य के बीच बहुत गहरा संबंध है। मनुष्य के लिए प्रकृति से अच्छा गुरु नहीं है। प्रकृति की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह अपनी चीजों का उपभोग स्वयं नहीं करती। जैसे-नदी अपना जल स्वयं नहीं पीती,पेड़ अपने फल खुद नहीं खाते,फूल अपनी खुशबू पूरे वातावरण में फैला देते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि प्रकृति किसी के साथ भेदभाव या पक्षपात नहीं करती,लेकिन मनुष्य जब प्रकृति से अनावश्यक खिलवाड़ करता है तब उसे गुस्सा आता है। जिसे वह समय-समय पर सूखा, बाढ़,सैलाब,तूफान के रूप में व्यक्त करते हुए मनुष्य को सचेत करती है। जल,जंगल और जमीन विकास के पर्याय हैं। जल,जंगल और जमीन जब तक है तब तक मानव का विकास होता रहेगा। मानव जो छोड़ते हैं उसको पेड़-पौधे लेते हैं और जो पेड़-पौध छोड़ते हैं उसको मानव लेते हैं। जल,जंगल और जमीन से ही जीवन है। जीवन ही नहीं रहेगा तो विकास अर्थात बिजली,सड़क,आदि किसी काम के नहीं रहेंगे। जल,जंगल और जमीन को संरक्षित करने लिए मन का शुद्ध होना बहुत जरुरी है। मन आतंरिक पर्यावरण का हिस्सा है। जल,जंगल और जमीन वाह्य (बाहरी) पर्यावरण का हिस्सा है। हर धर्म ने माना प्राकृतिक विनाश से विकास संभव नहीं है। जलवायु पर्यावरण को नियंत्रित करने वाला प्रमुख कारक है,क्योंकि जलवायु से प्राकृतिक वनस्पति,मिट्टी,जलराशि तथा जीव जन्तु प्रभावित होते हैं। जलवायु मानव की मानसिक तथा शारीरिक क्रियाओं पर प्रभाव डालती है। मानव पर प्रभाव डालने वाले तत्वों के जलवायु सर्वाधिक प्रभावशाली है क्योंकि यह पर्यावरण के अन्य कारकों को भी नियंत्रित करती है। विश्व में जलवायु परिवर्तन चिंता का विषय बना हुआ है शहरों का भौतिक विकास जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा कारण है। जल प्रदूषण,वायु प्रदूषण,भूमि प्रदूषण,औद्योगिक प्रदूषण,विकिरण प्रदूषण रूपी दैत्यों ने पृथ्वी की जलवायु को पूर्णतः बदल दिया है। दीपावली के त्यौहार में पटाखों का खूब जम कर इस्तेमाल हुआ नतीजा वायु प्रदुषण। किसी भी त्यौहार का उल्लास मनाने में यदि हमारा वातावरण दूषित होता है तो इससे मानव प्रकृति और प्राकृतिक प्रकृति दोनों ही प्रभावित होती हैं। प्रकृति का पूरे मानव जाति के लिए एक सामान व्यवहार होता है। प्रकृति का सम्बन्ध धर्म विशेष से नहीं होता। अतएव सभी मानव जाति को प्रकृति को अपना मूल अस्तित्व समझना चाहिए। शुद्ध पेय जल मानव जाती एवं जीव जंतु सभी के लिए एक आवश्यक तत्व है। सृष्टि जीवन के प्रारम्भ में जल निर्मल था,वायु स्वच्छ थी,भूमि शुद्ध थी एवं मनुष्य के विचार भी शुद्ध थे। हरी-भरी इस प्रकृति में सभी जीव-जन्तु तथा पेड़-पौधे बड़ी स्वच्छन्दता से पनपते थे। चारों दिशाओं मे ह्यह्यवसुधैव कुटुम्बकमह्लह्ल का वातावरण था तथा प्रकृति भली-भाँति पूर्णतः सन्तुलित थी। किन्तु जैसे-जैसे समय बीता,मानव ने विकास और अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उसने शुद्ध जल,शुद्ध वायु तथा अन्य नैसर्गिक संसाधनों का भरपूर उपभोग किया। मनुष्य की हर आवश्यकता का समाधान निसर्ग ने किया है, किन्तु बदले में मनुष्य ने प्रदूषण जैसी कभी भी खत्म न होने वाली समस्या पैदा कर दी है। वर्षा के जल को प्रकृति द्वारा एक नियत समय पर,नियत मात्रा में हम प्राप्त करते हैं। अतः इसका संरक्षण करना भी हमारे लिए अति आवश्यक प्रक्रिया होनी चाहिए। वर्ष 2019 में हमारे प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद मोदी जी ने देश भर के ग्राम प्रधानों एवं मुखिया को पत्र लिख के वर्षा जल संगृहीत करने की अपील की थी। यह पहला मौका था जब ग्राम प्रधानों को किसी प्रधानमंत्री ने जल संचयन के लिए पत्र लिखा था।

संरक्षण के आभाव में वर्षा से प्राप्त जल बह जाता है या वाष्पित हो के उड़ जाता है। हमारे देश में वर्षा पर्याप्त मात्रा में होती है। फिर भी हम पानी का संकट झेलते हैं। एक अनुमान के मुताबिक दुनिया के लगभग 1.4 अरब लोगों को शुद्ध-पेयजल उपलब्ध नहीं है। नीति आयोग द्वारा वर्ष 2019 में जारी समग्र जल प्रबंधंन सूचकांक (सी डब्लू एम् आई) रिपोर्ट के अनुसार देश में 60 करोड़ लोग पानी की गंभीर किल्लत का सामना कर रहे हैं। करीब दो लाख लोग स्वच्छ पानी ना मिल पाने के वजह से हर साल जान गवां देते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2030 ई. तक देश में पानी की मांग,उपलब्ध जल वितरण की दुगनी हो जाएगी। जिसका मतलब है की करोड़ो लोगो में पानी का गंभीर संकट पैदा हो जायेगा और देश में जीडीपी में 6 प्रतिशत की कमी देखी जाएगी। स्वंतंत्र संस्थाओ द्वारा जुटाए गए डाटा का उद्धरण देते हुए रिपोर्ट में दर्शाया गया है कि करीब 70 प्रतिशत प्रदूषित पानी के साथ भारत जल गुड़वत्ता सूचकांक में 122 देशो में 120 नंबर पर है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों की भौगोलिक स्थितियां अलग हैं। वर्षा काल में जहां भारत के एक हिस्से में बाढ़ के हालात होते हैं वहीं दूसरे हिस्से में भयंकर सूखा की स्थिति होती है। कई क्षेत्रों में मूसलाधार वर्षा होने के बावजूद लोग एक झ एक बूँद पानी के लिए तरसते हैं। कई स्थानों में तो संघर्ष की स्थिति हो जाती है। इसका प्रमुख कारण है वर्षा के जल का सही प्रकार से संचयन न करना। जिससे पानी बह कर प्रदूषित हो जाता है। प्रकृति के संसाधनों को लेकर हम यह सोचते हैं की यह कभी खत्म नहीं होगा। जिससे जल भण्डारण धीरे धीरे खत्म होने की कगार पर है। इसलिए यह आवश्यक हो गया है की हम जितना पानी प्रकृति से जल भण्डारण के रूप में लेते हैं उतना उसको वापस भी करें। विश्व में प्रत्येक वर्ष के 10 नवंबर को विश्व विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इस बार विश्व विज्ञान दिवस 2021 की थीम/प्रसंग है झ जलवायु के लिए तैयार समुदायों का निर्माण (बिल्डिंग क्लाइमेट- रेडी कम्युनिटीज)। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य शांतिपूर्ण और टिकाऊ समाज के लिए विज्ञान की भूमिका के बारे में जन जागरूकता को मजबूत करना है। विश्व विज्ञान दिवस पर यूनेस्को कलिंग अवार्ड भी दिया जाता है। जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में विज्ञान की अहम् भूमिका होती है। अतएव समाज को विज्ञान से जोड़ने और समाज को विज्ञान के करीब लाने की आवश्यकता है। जलवायु विज्ञान के बारे में समुदायों को जागरूक होना होगा। जलवायु किसी स्थान के वातावरण की दशा को व्यक्त करने के लिये प्रयोग किया जाता है। यह शब्द मौसम के काफी करीब है। जलवायु और मौसम में कुछ अन्तर है। जलवायु बड़े भूखंडो के लिये बड़े कालखंड के लिये ही प्रयुक्त होता है जबकि मौसम अपेक्षाकृत छोटे कालखंड के लिये छोटे स्थान के लिये प्रयुक्त होता है। पूर्व में पृथ्वी के तापमान के बारे में अनुमान बताते हैं कि यह या तो बहुत अधिक था या फिर बहुत कम।

मुख्य रूप से,सूर्य से प्राप्त ऊर्जा तथा उसका हास के बीच का संतुलन ही हमारे पृथ्वी की जलवायु का निर्धारण और तापमान संतुलन निर्धारित करती हैं। यह ऊर्जा हवाओं,समुद्र धाराओं और अन्य तंत्र द्वारा विश्व भर में वितरित हो जाती हैं तथा अलग-अलग क्षेत्रों की जलवायु को प्रभावित करती है।जलवायु पर्यावरण को नियंत्रित करने वाला प्रमुख कारक है क्योंकि जलवायु से प्राकृतिक वनस्पति,मिट्टी,जलराशि तथा जीव जन्तु प्रभावित होते हैं। जलवायु मानव की मानसिक तथा शारीरिक क्रियाओं पर प्रभाव डालती है। मानव पर प्रभाव डालने वाले तत्वों के जलवायु सर्वाधिक प्रभावशाली है क्योंकि यह पर्यावरण के अन्य कारकों को भी नियंत्रित करती है। पृथ्वी का वातावरण सूर्य की कुछ ऊर्जा को ग्रहण करता है,उसे ग्रीन हाउस इफेक्ट कहते हैं। पृथ्वी के चारों ओर ग्रीन हाउस गैसों की एक परत होती है। इन गैसों में कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड शामिल हैं। ये गैसें सूर्य की ऊर्जा का शोषण करके पृथ्वी की सतह को गर्म कर देती है इससे पृथ्वी की जलवायु परिवर्तन हो रहा है। गर्मी की ऋतु लम्बी अवधि की और सर्दी की ऋतु छोटी अवधि की होती जा रही है। ग्रीन हाउस गैस के लगातार वृद्धि से भी ओजोन मात्रा घटती है। ग्रीन हाउस गैस प्रजनन के लिए उत्तरदायी स्रोत झ लकड़ी के दहन से कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन,पशु,मानव-विष्टा एवं जैव सड़ाव से मीथेन उत्सर्जन और हाइड्रोकार्बन एवं नाइट्रोजन के ऑक्साइड के प्रभाव में ट्रोपोस्फियर के भीतर मीथेन गैस का निर्माण। लम्बी तरंग धैर्य विकिरण का कुछ भाग वायुमंडल के ऊपरी ठन्डे भाग में उपस्थित ट्रेस गैसों द्वारा अवशोषित हो जाता है। इन्ही ट्रेस गैसों को ग्रीन हाउस गैस कहते हैं। पृथ्वी की प्राकृतिक जलवायु निरन्तर बदलती रही है। ग्रीन हाउस प्रभाव के द्वारा पृथ्वी की सतह गर्म हो रही है। ग्रीन हाउस प्रभाव झ सूर्य की किरणें, कुछ गैसों और वायुमण्डल में उपस्थित कुछ कणों से मिलकर होने की जटिल प्रक्रिया है। कुछ सूर्य की ऊष्मा वायुमण्डल से परावर्तित होकर बाहर चली जाती हैं। लेकिन कुछ ग्रीन हाउस गैसों के द्वारा बनाई हुई परत के कारण बाहर नहीं जाती है। अतः पृथ्वी का निम्न वायुमंडल गर्म हो जाता है। ग्रीन हाउस प्रभाव एक प्राकृतिक प्रक्रिया है तथा यह जीवन को प्रभावित करती है। पर्यावरण में बढ़ी हुई ऑक्सीजन,ओजोन परत को मोटी रखने में सहायक होती है। यह कहने में अतिश्योक्ति नहीं होगी कि ओजोन परत और ऑक्सीजन दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। अतएव जल जंगल और जमीन तीनो को ध्यान में रख कर पृथ्वी का विकास करना चाहिए। ओजोन की मोटी परत सभी हानिकारक तत्वों को पृथ्वी पर आने से रोकती हैं। विश्व विज्ञान दिवस-2021 में हम सभी को ग्रीन हाउस गैसों के निष्कासन में कमी की आवश्यकता पर ध्यान देना होगा। ग्रीन हाउस गैसों के निष्कासन में कमी करना कठिन है परन्तु असंभव नहीं है। कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य जिनके द्वारा इसके निष्कासन को कम किया जा सकता है,वो इस प्रकार है- खपत तथा उत्पादन में ऊर्जीय क्षमता की बढ़त होनी चाहिए।,वाहनों में पूर्ण रूप से ईंधन का दहन होना चाहिए जो की ठीक रख-रखाव से संभव है।,नई स्वचलित वाहन तकनीक पर जोर देने की आवश्यकता है।,ऊर्जा के नए स्रोतों का प्रयोग करना चहिए जैसे-सौर ऊर्जा, जल विद्युत ऊर्जा, नाभिकीय ऊर्जा इत्यादि।,उद्योगों से निकलने वाले जहरीले पदार्थों के निष्कासन को कम करन चाहिए।,हैलोकार्बन के उत्पादन को कम करना चाहिए जैसे-फ्रिज,एयरकन्डीशन,में पुनः चक्रीय रसायनों का प्रयोग करना चाहिए।

# बंगलादेश में हिंसा के शिकार हिंदू अल्पसंख्यकों को मिला संघ का साथ

के एम झाल्ल सियासतनामा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से आप अनेक मुद्दों पर असहमत हो सकते हैं परंतु उसकी इस बात के लिए भूरि भूरि प्रशंसा की जानी चाहिए कि भारत के पड़ोसी देश बंगला देश में कट्टरपंथियों द्वारा वहां के अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को अपनी हिंसात्मक गतिविधियों का निशाना बनाए जाने की सिलसिलेवार घटनाओं की कठोरतम शब्दों में निन्दा करने में वह सबसे आगे रहा है। संघ के कार्यकारी मंडल की हाल में ही धारवाड में संपन्न वार्षिक बैठक में बंगला देश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें बंगला देश और केंद्र सरकार से ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सक्रिय पहल करने की अपील की गई है। इसमें कोई संदेह नहीं कि बंगला देश में इन घटनाओं पर संघ की चिंता बिल्कुल जायज है क्योंकि वहां कट्टर पंथियों द्वारा हिन्दू अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों को निशाना बनाए जाने का सिलसिला नया नहीं है।

यही कारण है कि विभाजन के समय पूर्वी बंगाल में मौजूद अल्पसंख्यक हिंदुओं की 28 प्रतिशत आबादी बाद के वर्षों में चिंता जनक रूप से घटती चली गई। और आज स्थिति यह है कि बंगला देश की कुल आबादी में अल्पसंख्यक हिंदू मात्र 8 प्रतिशत हिंदू हैं। इसमें दो दो राय नहीं हो सकती कि अल्पसंख्यक हिंदुओं की आबादी में आई यह चिंता जनक कमी उन कट्टर पंथी संगठनों की हिंसात्मक गतिविधियों का नतीजा है जिनका असली एजेंडा बंगला देश में हिंदू आबादी का पूरी तरह निर्मूलन करना है । संघ का यह मानना है कि बंगला देश में पिछले दिनों नवरात्रि के दौरान जो हिंसक घटनाएं हुईं वे वहां के इस्लामिक जिहादी संगठनों की किसी गहरी साजिश का हिस्सा थीं। इस मामले में संघ का दृष्टिकोण पूरी तरह सही प्रतीत होता है जिससे हर भारतीय को सहमत होना चाहिए। संघ के कार्य कारी मंडल की धारवाड़ में संपन्न तीन दिवसीय बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया और इस मामले में एक संयुक्त राष्ट्र और उससे जुड़े संगठनों और मानवाधिकार की पैरोकार संस्थाओं के मौन पर आश्चर्य व्यक्त किया गया। कार्यकारी मंडल की बैठक में पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि बंगला देश अथवा विश्व के किसी अन्य भाग में कट्टर पंथी इस्लामिक ताकतों का उभार शांति प्रिय देशों की लोकतांत्रिक व्यवस्था और मानवाधिकार के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकारी मंडल ने अंतरराष्ट्रीय जगत से अपील की है कि बंगला देश में पनप रहे कट्टरपंथी संगठनों की हिंसात्मक गतिविधियों की निंदा करने के लिए आगे आएं। संघ ने भारत सेवाश्रम संघ, इस्कान, विश्व हिन्दू परिषद और रामकृष्ण मिशन आदि संस्थाओं की इस बात बात के लिए सराहना की है कि बंगला देश के हिंसा पीड़ित अल्पसंख्यक हिंदू परिवारों की मदद के लिए इन संस्थाओं ने तत्परता दिखाई। गौरतलब है कि बंगला देश में कट्टरपंथियों के हिंसात्मक उपद्रवों में इस्कान मंदिरों और रामकृष्ण मिशन के आश्रमों को भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया गया था । इन घटनाओं में दो इस्कॉन संतों और चौमोहनी मंदिर के तीनों पुजारियों की मौत हो गई थी। नवरात्रि के मौके पर बंगला देश में 10 हिंदू अल्पसंख्यकों के मारे जाने की खबर है। उल्लेखनीय है कि विश्व हिन्दू परिषद भी बंगला देश में हिन्दू अल्पसंख्यकों को चुन चुन कर निशाना बनाए जाने की घटनाओं की रोकथाम हेतु संयुक्त राष्ट्र से वहां अपनी शांति सेना भेजने की मांग कर चुकी है।बंगला देश में यूं तो हिन्दू अल्पसंख्यकों और अन्य अल्प संख्यक समुदायों के विरुद्ध कट्टरपंथियों की हिंदी का सिलसिला काफी समय से चला आ रहा है परंतु इस बार नवरात्रि के अवसर पर दुर्गा पूजा मंडपों को जिस तरह बड़े पैमाने पर क्षति पहुंचाई गई उसके पीछे कट्टरपंथियों की किसी सुनियोजित साजिश की आशंका व्यक्त की जा रही है। अचानक हुई हिंसात्मक घटनाओं ने बंगला देश सरकार भी परेशान और हैरान कर दिया है यद्यपि प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इन हिंसा पर काबू पाने में तत्परता दिखाई इसीलिए भारत सरकार ने इस पूरे मामले पर नपे तुले शब्दों में प्रतिक्रिया दी है ।भारत सरकार का मानना है कि इस पूरे मामले से शेख हसीना ही निपट सकती हैं इसलिए प्रतिक्रिया का उद्देश्य बंगला देश सरकार की निंदा करना नहीं है । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी धारवाड़ में संपन्न अपने कार्य कारी मंडल की बैठक में इन घटनाओं की कड़ी निन्दा करते हुए केंद्र सरकार से यह अपील की है कि वह सभी राजनयिक माध्यमों का उपयोग करते हुए बंगला देश में अल्पसंख्यक हिंदु और बौद्ध समुदायों के ऊपर जारी हमलों की घटनाओं की रोकथाम हेतु अंतरराष्ट्रीय जगत के हिंदू संथाओं की चिंताओं से बंगला देश सरकार को अवगत कराएं ताकि वहां पीड़ित अल्पसंख्यक परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस पूरे मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मौन पर भी सवाल उठ रहे हैं। संघ ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि ममता बनर्जी ने बंगला देश की हिंसात्मक घटनाओं के लिए जिम्मेदार कट्टरपंथियों की निंदा करने के बजाय पूरे मामले पर मौन साध रखा है ।उधर निर्वासित बंगला लेखिका तसलीमानसरीन ने बंगला देश में हिन्दू अल्पसंख्यकों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए यह सवाल भी पूछा है कि भारत में अल्पसंख्यकों के हितों की चिंता करने वाले लोग बंगला देश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हमले की घटनाओं पर चुप क्यों हैं। तसलीमा नसरीन कहती हैं कि उनका उपन्यास लज्जा भी प्रासंगिक है। बंगला देश में नवरात्रि के दौरान हुई पूजा स्थलों में हुई तोड़फोड़ को भले ही एक फेक न्यूज से जोड़ कर देखा जा रहा है परंतु बंगला देश में अल्पसंख्यक पहली बार कट्टरपंथियों की हिंसा का शिकार नहीं बने हैं । पिछले आठ सालों में अल्पसंख्यकों पर 3600 से अधिक हमले हो चुके हैं और डेढ़ हजार से अधिक पूजा स्थलों को क्षतिग्रस्त किया गया। बंगला देश के गृहमंत्री जोर देकर कहते हैं कि हमारे यहां सभी त्यौहार मिलजुल कर मनाते जाते हैं । इस बार जो हिंसात्मक घटनाएं हुईं वे किसी साजिश का हिस्सा थीं जिसका असली मकसद आम चुनाव के पहले देश में तनाव पैदा करना है। सरकार इन घटनाओं के लिए किसी भी व्यक्ति अथवा संगठन को नहीं बख्शेगी। बताया जाता है कि बंगला देश के कट्टरपंथी संगठन प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत के निकट बताकर वहां सांप्रदायिक विद्वेष और नफरत का माहौल पैदा करना चाहते हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी का अल्पसंख्यक आबादी पर अच्छा प्रभाव है और अब तक संपन्न चुनावों में अल्पसंख्यकों के अधिकांश मत भी अवामी लीग को मिलते रहे हैं। विपक्षी बंगला देश नेशनलिस्ट पार्टी को जमात ए इस्लामी जैसे कट्टरपंथी संगठनों का समर्थन प्राप्त है। 2014के चुनावों में भारी धांधली के बाद जब बंगला देश नेशनलिस्ट पार्टी की जीत हुई थी तब भी देश में बड़े पैमाने पर हिंसा भड़की थी। इसीलिए इस बार हुई हिंसात्मक उपद्रवों को आगामी आम चुनावों से जोड़ कर देखा जा रहा है।

# अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की जरूरत

लालजी जायसवाल

स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायपालिका किसी भी लोकतांत्रिक देश की रीढ़ के समान होती है। नीति आयोग ने सुझाव दिया था कि निचली अदालतों में न्यायाधीशों के चयन के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा की तर्ज पर अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का गठन किया जाए, जिससे जजों की कमी से जूझ रही न्यायपालिका में युवाओं को आकर्षित किया जा सके। बहरहाल, अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के लिए केंद्र सरकार एक बार फिर सक्रिय हो रही है। केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू की अगले माह राज्यों के कानून मंत्रियों के साथ प्रस्तावित बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा होने की संभावना है। गौरतलब है कि अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन का विचार कोई नया नहीं है। विधि आयोग तीन बार अपनी पहली, आठवीं और 116 वीं रिपोर्ट में अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन की सिफारिश कर चुका है। यही वजह है कि कोरोना महामारी से प्रभावित न्यायिक व्यवस्था को गति देने के लिए अब केन्द्र सरकार ने देश में न्यायिक सेवा के स्वरूप को बदलने की तैयारी पर विचार शुरू कर दिया है। इसके गठन से हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट और जिला स्तर पर ज्यादा से ज्यादा युवा न्यायाधीशों को मौका मिलेगा।

बता दें कि अधीनस्थ न्यायपालिका में इस समय न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों के 21 हजार,320 स्वीकृत पद हैं, जिनमें से करीब पच्चीस प्रतिशत रिक्त ही हैं। अखिल भारतीय सेवा के अभाव में उतनी नियुक्तियां नहीं हो पा रही हैं, जितने न्यायाधीशों की जरूरत है। देश में लंबित अदालती मामलों में अस्सी फीसद से अधिक जिला और अधीनस्थ अदालतों में हैं। यानी कि प्रत्येक न्यायाधीश के पास औसतन 1हजार,350 मामले लंबित हैं, जो प्रति माह 43 मामलों को मंजूरी देता है। वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर भारत में प्रति 10 लाख लोगों पर लगभग 17.72 जज हैं। यह अमेरिका की तुलना में सात गुना खराब है। उल्लेखनीय है कि विधि आयोग ने अपनी 120 वीं रिपोर्ट में सिफारिश की है कि प्रति दस लाख जनसंख्या पर न्यायाधीशों की संख्या पचास होनी चाहिए। इसके लिए स्वीकृत पदों की संख्या बढ़ाकर तीन गुना करनी होगी क्यों कि आज भी अगर पूरे भारत के न्यायालयों (निचली) में लंबित मामलों पर ध्यान दिया जाए तो यह संख्या करोड़ों में नजर आती है। दुनिया के विकसित देशों पर ध्यान केंद्रित किया जाए तो पता चलता है कि आस्ट्रेलिया में प्रति दस लाख की आबादी पर जजों की संख्या बयालीस, कनाडा में पचहत्तर, ब्रिटेन में इक्यावन और अमेरिका में एक सौ सात है, लेकिन वही अगर भारत में देखा जाए तो प्रति दस लाख की आबादी पर सिर्फ ग्यारह जज हैं। गौरतलब है कि कई बार सरकार न्यायिक गति को दुरुस्त करने के लिए कोशिश कर चुकी है। सरकार ने पिछले वर्षों में भी अखिल भारतीय न्यायिक सेवा परीक्षा कराने का प्रस्ताव रखा था। तब नौ हाईकोर्ट में इस प्रस्ताव का विरोध किया था, जबकि आठ ने प्रस्तावित ढांचे में बदलाव की बात कही थी। सिर्फ दो हाईकोर्ट ने सरकार के इस प्रस्ताव का इसका समर्थन किया था। इसके पहले 1961, 1963 और 1965 में मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन में अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन के पक्ष में प्रस्ताव आये लेकिन ये प्रस्ताव कागजो से आगे नहीं बढ़ सके। विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में इस तरह के परीक्षा कराने की सिफारिश की।

सवाल उठता है कि आखिर जब सब चाहते हैं कि देश भर में अखिल भारतीय न्यायिक सेवा आयोग बने और युवा, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश के रूप में पहुंचे तो आखिर क्या वजह है कि लगातार साठ साल से ज्यादा समय से प्रस्ताव के बाद भी ऐसा आयोग नहीं बन पा रहा है देश में कमजोर होती न्यायिक प्रणाली को सुधारने के बाबत अब न्यायिक नियुक्ति आयोग की गठन को परिणाम देने का समय आ गया है। इस सेवा के न लागू होने के एक कारण सीआरपीसी और सीपीसी के प्रावधानों को भी माना जा रहा है। इन प्रावधानों के तहत अधीनस्थ न्यायालयों में आदेश स्थानीय भाषा में भी किया जा सकता है। कुछ विद्वानों का मानना है कि अखिल भारतीय न्यायिक नियुक्ति सेवा के लागू होने के बाद एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानांतरण होने लगेगा और भाषा की समस्या आएगी। इसके लिए सरकार को अधीनस्थ अदालतों के न्यायिक कार्यों में स्थानीय भाषा के इस्तेमाल के तथ्य को ध्यान में रखते हुए इस सेवा के गठन के लिए प्रयास करना चाहिए। अभी जिला/अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों की भर्ती,नियुक्ति,स्थानांतरण और सेवा की अन्य शर्तें भी संबद्ध राज्य सरकारें ही तैयार करती हैं। इसीलिए कुछ राज्य सरकारें और हाईकोर्ट को लगता रहा है कि अखिल भारतीय न्यायिक नियुक्ति सेवा हो जाने के बाद जजों की नियुक्तियों में उनकी भूमिकाएं सिमट जाएंगी। कुछ राज्य इसे संघीय ढांचे के खिलाफ भी मानते हैं,जिनके नाते अब तक अखिल भारतीय न्यायिक नियुक्ति सेवा का प्रस्ताव कागजों से आगे नहीं बढ़ पाया।

बता दें कि अगर अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का गठन होता है तो जजों की नियुक्ति में अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा के समान निष्पक्ष एजेंसी की भूमिका होगी। इससे न्यायिक सेवा में प्रतिभावान विधि स्नातक शामिल किए जा सकेंगे, जो सामान्यतः न्यायिक सेवा में भर्ती न होकर सरकारी और निजी क्षेत्र में अन्य ऐसे पदों की तलाश में रहते हैं, जहां उन्हें ज्यादा आर्थिक लाभ मिल सके। अखिल भारतीय न्यायिक सेवा आयोग लागू करने से ऐसी भी उम्मीद की जा रही है कि प्रतिभावान युवा कम उम्र में ही न्यायिक सेवा में आ जाएंगे। साथ ही देश के अलग-अलग राज्यों में न्यायिक सेवा में नियुक्ति और पदोन्नति में एकरूपता आ सकती है। न्यायिक सेवा आयोग बनने के बाद लगातार न्यायाधीशों की नियुक्ति में जो पक्षपात के आरोप लगते हैं, वह भी समाप्त हो जाएंगे। 'इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2019' कहती है कि न्यायिक व्यवस्था में महिलाओं की समुचित भागीदारी न होना चिंता का विषय है। साथ ही यह भी कहा गया है कि देशभर में न्याय और कानून व्यवस्था में महिलाओं की संख्या बहुत ही कम है। अगर अखिल भारतीय न्यायिक नियुक्ति सेवा का गठन हो जायेगा तो यह समस्या भी खत्म हो जायेगी और महिलाएं खुली प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा साबित कर अपना स्थान बना सकेंगी। इससे लैंगिक असमानता भी खत्म होगी और त्वरित न्याय की अवधारणा भी सफल होगी।देश की जिला अदालतों में अभी जो स्थिति है,उसमें अखिल भारतीय न्यायिक सेवा निश्चित ही न्यायपालिका को अधिक जवाबदेह, दक्ष, पेशेवर एवं पारदर्शी बनाकर न्याय की गुणवत्ता और पहुंच में वृद्धि करेगी। नवनियुक्त जजों को स्थानीय भाषा सिखाकर अथवा निचली अदालतों के जजों का केवल राज्य के अंदर ही स्थानांतरण करने जैसे प्रावधानों से राज्यों की चिंताओं को दूर किया जा सकता है ताकि राज्य एवं उच्च न्यायालय इस सेवा की स्थापना को सहर्ष स्वीकार करें। कानून मंत्रालय का भी मानना है कि अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के माध्यम से देश में सक्षम न्यायाधीशों का एक ह्यपूलह्ल तैयार किया जा सकता है जिनकी सेवाएं विभिन्न राज्यों में ली जा सकती हैं।

# न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह, भारत का सपना तोड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन और कप्तान केन विलियमसन की रणनीतिक बल्लेबाजी से न्यूजीलैंड ने रविवार को अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराकर शान से सेमीफाइनल में जगह बनाई। लेकिन भारत की आगे बढ़ने की रही सही उम्मीद खत्म कर दी। अफगानिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 124 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड 18.1 ओवर में दो विकेट पर 125 रन बनाकर सुपर 12 के ग्रुप दो से सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बनी। पाकिस्तान पहले ही अंतिम चार में अपनी जगह सुरक्षित कर चुका था। इससे भारत और नामीबिया के बीच सोमवार को होने वाला मैच औपचारिक रह गया है। ग्रुप एक से इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में पहुंचे हैं।

यह लगातार तीसरा अवसर है जबकि न्यूजीलैंड ने भारत की खिताब जीतने की उम्मीदों पर पानी फेरा। इससे पहले उसने वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत को हराया था। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट 19 रन पर गंवा दिये जिसका प्रभाव उसकी पूरी पारी पर दिखा। उसके केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे। इनमें नजीबुल्लाह जादरान ने 48 गेंदों पर 73 रन बनाये जिसमें छह चौके और तीन छक्के शामिल हैं। न्यूजीलैंड की तरफ से मैन ऑफ द मैच बोल्ट ने 17 रन देकर तीन विकेट और टिम साउदी ने 24 रन देकर दो विकेट लिए। ईश सोढी, जेम्स नीशाम और एडम मिल्ने को एक एक विकेट मिला। इसके बाद विलियमसन ने अपनी भूमिका निभायी। उन्होंने 42 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से नाबाद 40 रन बनाये तथा डेवोन कॉनवे (32 गेंदों पर नाबाद 36, चार चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 68 रन की अटूट साझेदारी की। मार्टिन गप्टिल ने 23 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 28 रन का योगदान दिया।



न्यूजीलैंड के सामने लक्ष्य छोटा था, पर गुप्टिल और डेरेल मिचेल (12 गेंद पर 17 रन, तीन चौके) जीत दर्ज करने के लिये उतावले दिखे। ऐसे में मुजीब उर रहमान (31 रन देकर एक) ने मिचेल को विकेट के पीछे कैच कराकर अफगानिस्तान के साथ भारतीय प्रशंसकों के चेहरों की रंगत लौटाई। गप्टिल ने मुजीब पर लगातार दो चौके लगाकर पावरप्ले में स्कोर 45 रन तक पहुंचाया। राशिद खान (27 रन देकर एक) ने इसके बाद गेंद संभाली और आते ही अपना प्रभाव डाला। न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने उन्हें पूरा सम्मान दिया। राशिद ने गुप्टिल को गुगली पर बोल्ड करके टी20 क्रिकेट में अपना 400वां विकेट लिया। अफगानिस्तान ने भारतीय समर्थकों के अपार समर्थन के बीच पावरप्ले के बाद न्यूजीलैंड को अगले पांच ओवर तक गेंद ने सीमा रेखा तक नहीं पहुंचाने दी। विलियमसन ने 12वें ओवर में राशिद की गुगली को अच्छी तरह से पढ़कर उसे मिडविकेट पर चार रन के लिए भेजा।

# राशिद खान ने टी-20 में रचा इतिहास



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के अनुभवी लेग स्पिनर राशिद खान ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप मैच के दौरान प्रतिस्पर्धी टी-20 क्रिकेट में 400वां विकेट का आंकड़ा पूरा किया। 23 साल के स्पिनर न्यूजीलैंड की पारी के नौवें ओवर में सलामी बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल को आउट करके इस मुकाम पर पहुंचा। राशिद ने अपने 289वें टी-20 मैच में यह उपलब्धि हासिल की, जो नया रिकॉर्ड है। उनसे पहले केवल तीन अन्य गेंदबाजों ने टी-20 क्रिकेट में 400 विकेट का आंकड़ा पार किया है। ड्वेन ब्रावो को इस उपलब्धि को हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी है जिन्होंने 364 मैचों में इसे हासिल किया था। इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले वेस्टइंडीज के इस ऑलराउंडर के नाम टी-20 क्रिकेट में 500 से ज्यादा विकेट है। उनके नाम 512 मैचों में 563 विकेट दर्ज हैं। टी-20 में 400 विकेट लेने वालों की सूची में इमरान ताहिर (320 मैचों में) और सुनील नारायण (362 मैचों में) भी शामिल हैं। राशिद ने इस दौरान प्रति ओवर 6.34 रन खर्च किए है और इस मामले में 200 से अधिक मैच खेलने वालों में सिर्फ नारायण का आंकड़ा उन से बेहतर है।


वह इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ इस टी-20 वर्ल्ड कप के मैच में टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 100 विकेट लेने वाले सबसे तेज गेंदबाज बने। राशिद ने महज 53 मैचों में इस कारनामे को कर के श्रीलंका के लसिथ मलिंगा के रिकॉर्ड (76 मैच) को तोड़ा था। राशिद और मलिंगा के अलावा टी-20 इंटरनेशनल में टिम साउदी और शाकिब अल हसन ने विकेटों का शतक पूरा किया है।

# आशीष नेहरा ने किसे चुना टीम इंडिया का अगला टी-20 कप्तान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप के बाद टीम इंडिया को टी-20 इंटरनेशनल का नया कप्तान मिलना है। विराट कोहली ने टी-20 वर्ल्ड कप के बाद टीम की टी-20 की कप्तानी छोड़ने का ऐलान कर दिया था। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज ने टीम इंडिया के नए कप्तान के नाम को लेकर अपनी राय व्यक्त की। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया की कमान जसप्रीत बुमराह को मिलनी चाहिए क्योंकि वो टीम इंडिया की तरफ से तीनों फॉर्मेट में खेलने वाले एकमात्र खिलाड़ी है। जबकि केएल राहुल और ऋषभ पंत को हाल के समय में किसी ना किसी फॉर्मेट में बाहर बैठना पड़ा है। नेहरा ने क्रिक बज से कहा,' रोहित शर्मा के बाद हम ऋषभ पंत और केएल राहुल का नाम सुन रहे (बतौर दावेदार) हैं। ऋषभ पंत टीम के साथ दुनिया भर में यात्रा की है, लेकिन वो मैदान पर ड्रिंक्स भी लेकर गए हैं और टीम से बाहर भी रहे हैं। केएल राहुल की टेस्ट क्रिकेट में इसलिए वापसी हुए क्योंकि मयंक अग्रवाल चोटिल थे। तो जसप्रीत बुमराह भी एक विकल्प हो सकते हैं। जैसा कि अजय जडेजा ने कहा, वह मजबूत हैं, उनकी जगह निश्चित है और वह हमेशा तीनों फॉर्मेट के प्लेइंग इलेवन में रहते हैं। ऐसा किसी किताब में नहीं लिखा कि तेज गेंदबाज कप्तान नहीं बन सकते हैं। रिपोर्टों के अनुसार रोहित शर्मा और केएल राहुल कप्तानी की दावेदारों में सबसे आगे हैं। हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक घोषणा नहीं की है। रिपोर्टों से ये भी पता चला है कि बोर्ड अगले सप्ताह कप्तान की घोषणा कर सकता है जब वह न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा करता है।

# टी-20 वर्ल्ड कप के बाद आईपीएल में नजर आ सकते हैं रवि शास्त्री, इस टीम ने दिया ऑफर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूएई और ओमान में खेले जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप के बाद भारतीय टीम के मौजूदा हेड कोच रवि शास्त्री का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। बीसीसीआई ने उनकी जगह टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर राहुल द्रविड़ को नया हेड कोच बनाया है। शास्त्री टी-20 वर्ल्ड कप के बाद क्या करेंगे, इस सवाल पर उनकी तरफ से अभी तक कोई बयान नहीं आया है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शास्त्री अब आईपीएल में कोचिंग करते दिखाई दे सकते हैं। कहा जा रहा है कि आईपीएल की अहमदाबाद फ्रेंचाइजी ने शास्त्री और उनके अधीन भारतीय टीम के अन्य सपोर्ट स्टाफ के साथ बात की है। क्रिकबज' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, शास्त्री ने इस पर फैसला लेने के लिए फिलहाल समय मांगा है और इस बात की उम्मीद है कि टी-20 वर्ल्ड कप के बाद इस पर फैसला आए। पता चला है कि टीम इंडिया के वर्ल्ड कप अभियान पर ध्यान केंद्रित कर रहे शास्त्री अपना ध्यान भंग नहीं करना चाहते हैं। यह भी माना जा रहा है कि शास्त्री आईपीएल में कोचिंग का जिम्मा संभालते हुए कमेंट्री का काम भी कर सकते हैं, जिसमें वे 20 साल से अधिक समय तक रहे हैं।गौरतलब है कि 2016 में टीम इंडिया के हेड कोच बनने के बाद उन्हें कमेंट्री छोड़नी पड़ी थी। एक कोच के रूप में सफल होने के साथ-साथ शास्त्री ने कमेंट्री में भी खूब नाम कमाया है। आज भी फैन्स 2011 में हुए वर्ल्ड कप के फाइनल में उनकी कमेंट्री को खूब याद करते हैं, जब उन्होंने उस समय के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के छक्का लगाकर वर्ल्ड कप जिताने का खूबसूरती से वर्णन किया था। उनकी कोचिंग में भारतीय टीम ने 2019 के वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल और 2021 के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल तक का सफर तय किया है। इसके अलावा उनकी ही कोचिंग में टीम इंडिया दो बार कंगारू टीम को ऑस्ट्रेलिया में हराने में सफल रही है।





# न्यूजीलैंड-अफगानिस्तान मैच से पहले इरफान पठान ने शेयर किया मजेदार फोटो, कहा- कैप्शन की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूएई और ओमान में खेले जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप में आज न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान की टीमें आमने-सामने हैं। दोनों ही टीमों के लिए यह मैच काफी मायने रखता है। भारतीय टीम के लिहाज से यह मैच कितना महत्वपूर्ण है, इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस मैच में टीम इंडिया के साथ करोड़ों भारतीय फैन्स भी अफगानिस्तान की जीत की दुआ कर रहे होंगे। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान भी चाहते हैं कि आज के मैच में मोहम्मद नबी की टीम न्यूजीलैंड को हरा दे इसलिए उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक मजेदार फोटो शेयर की है। यह फोटो बॉलीवुड की सदाबहार फिल्म 'शोले' की है, जिसमें अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र नजर आ रहे हैं। इस फोटो को एडिट किया गया है। इसमें लिखा गया है, "तेरी जीत मेरी जीत, तेरी हार मेरी हार... सुन ए मेरे यार।" वहीं इसके कैप्शन में इरफान ने लिखा है कि यहां किसी कैप्शन की जरूरत नहीं है। इस फोटो पर जो लाइन लिखी गई है, वह काफी हद तक भारतीय टीम वर्तमान सिचुएशन को बयां करती है। आज के मैच अगर कीवी टीम अफगानिस्तान टीम को हराने में सफल रहती है तो वह एक ही बार में टीम इंडिया और अफगानिस्तान दोनों को इस टूनार्मेंट से बाहर कर देगी और खुद सेमीफाइनल में जगह बना लेगी। ऐसा होने पर टीम सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ने की पात्रता हासिल कर लेगी। न्यूजीलैंड के अफगानिस्तान के खिलाफ जीतने पर नामीबिया के खिलाफ भारत का आखिरी लीग मैच महज औपचारिकता भर रहेगा।

# साउथ अफ्रीका के वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद हेड कोच मार्क बाउचर बोले- यह कड़वा घूंट पीने जैसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ मिली रोमांचक जीत के बावजूद साउथ अफ्रीका का टी-20 विश्व कप 2021 में सफर शनिवार रात को खत्म हो गया। ग्रुप स्टेज में पांच मुकाबलों में से चार में जीत दर्ज करने पर भी साउथ अफ्रीका की टीम सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की नहीं कर सकी। टीम ने टूनार्मेंट में सबकुछ सही किया पर उसके बाद भी अंतिम चार में अपना स्थान नहीं बना सकी।



जिससे साउथ अफ्रीका के हेड कोच मार्क बाउचर काफी निराश नजर आए और उन्होंने खराब नेट रन रेट के कारण टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल से बाहर होने को कड़वा घूंट पीने जैसा बताया। बाउचर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'यह सफल नहीं रहा क्योंकि आप विश्व कप से बाहर हो गए। यह कड़वा घूंट पीने की तरह है। मुझे लगता है कि पूरे टूनार्मेंट के दौरान हमने काफी अच्छी क्रिकेट खेली, पहला मैच गंवाने के बाद हमने काफी दबाव में क्रिकेट खेली। ड्रेसिंग रूम में मौजूद खिलाड़ियों के लिए यह कड़ा समय है। हमें आज पता था कि हमें क्या करना है लेकिन हमारे लिए समीकरण काफी मुश्किल थे। मैंने खिलाड़ियों से कहा कि सिर्फ उन्हीं चीजों को कंट्रोल करने का प्रयास कीजिए जिसे हम कंट्रोल कर सकते हैं। दुर्भाग्य से हम अन्य नतीजों को नियंत्रित नहीं कर सकते। हमने आज अच्छा काम किया लेकिन इसे हजम करना आसान नहीं है।बाउचर को मलाल है कि दक्षिण अफ्रीका की टीम आस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के खिलाफ मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रही। साउथ अफ्रीका ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पहले मैच में नौ विकेट पर 118 रन के स्कोर का लगभग बचाव कर ही लिया था लेकिन अंततः टीम को टूनार्मेंट की अपनी एकमात्र हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद टीम के पास बांग्लादेश के खिलाफ अपने नेट रन रेट में सुधार का मौका था। टीम ने हालांकि 85 रन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 13.3 ओवर लिए। अगर टीम आठ ओवर के भीतर लक्ष्य हासिल कर लेती तो चीजें अलग हो सकती थी। बाउचर हालांकि टूनार्मेंट में टीम के अच्छे प्रदर्शन से खुश हैं और उनका मानना है कि इससे टीम को फायदा होगा। हेड कोच ने आगे कहा, 'इस टीम को पता है हम सफर पर निकले हैं, हम ऊपर की ओर जा रहे हैं, हम सफर के दौरान सीख रहे हैं। यह हमारा सर्वश्रेष्ठ नहीं है। इन मैचों से हमें काफी फायदा होगा क्योंकि जैसा कि मैंने कहा, हम हर मैच दबाव में खेले।

# साउथ अफ्रीका से हार के बाद इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने बताया, टीम को किन चीजों पर है काम करने की जरूरत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड का कहना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार से इंग्लैंड की टीम जमीन पर आ गई है क्योंकि यह दशार्ता है कि टीम को अब भी काफी काम करना है। उन्होंने हालांकि उम्मीद जताई कि टीम मौजूदा टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में वापसी करेगी। इंग्लैंड की टीम ने टूनार्मेंट में लगातार चार मुकाबले जीते थे लेकिन शनिवार को यहां अंतिम ग्रुप मैच में उसे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 10 रन से हार झेलनी पड़ी। वुड ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, 'यह निराशाजनक है कि हम मैच हार गए, इसके साथ ही हम जमीन पर आ गए। इससे हमारे पैर जमीन पर रहेंगे और हमें पता है कि हमें कुछ चीजों पर काम करने की जरूरत है। आप कभी हारना नहीं चाहते। हम हारने के आदी नहीं हैं और सामान्यतः जब हम हारते हैं तो अच्छी वापसी करते हैं। मुझे लगता है कि यह सिर्फ एक सबक है कि हमें काफी काम करना है।' दक्षिण अफ्रीका ने रेसी वान डेर डुसेन (नाबाद 94) और ऐडन मार्कराम (नाबाद 52) की पारियों की बदौलत दो विकेट पर 189 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को आठ विकेट पर 179 रन पर रोककर जीत दर्ज की।



वुड ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका काफी अच्छा खेला। उन्होंने सिर्फ दो विकेट गंवाए और हमें इसके आदी नहीं थे। हमें पावर प्ले में विकेट लेने की आदत है और हम वहां से मैच को नियंत्रित करते हैं। हमें ट्रेनिंग के दौरान चीजों पर काम करने की जरूरत है और अगले मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। वापसी करना अच्छा होता है लेकिन जब आप जीत दर्ज करते हैं तो बेहतर होता है।'

# भारतीय वेशभूषा और जीवन पद्धति विश्व में सर्वश्रेष्ठ : डा. शुकदेव

कहा कि संयुक्त परिवार की संकल्पना सिर्फ भारतीय संस्कृति में है।

अखंड भारत संदेश

**घोसिया।** विकास खंड औराई के परम पूज्य महाराज आईटीआई कालेज मुक्तापुर के प्रांगण में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत, विन्ध्याचल विभाग के भदोही जिला कुटुंब प्रबोधन गतिविधि द्वारा परिवार प्रबोधन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्व प्रथम मुख्य अतिथि द्वारा भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता

इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के काशी प्रांत संयोजक डा.शुकदेव त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त परिवार की संकल्पना सिर्फ भारतीय संस्कृति में है। कुछ वर्षों से हमारी कुटुंब व्यवस्था में परिवार विभाजित हो रहे हैं, जिससे संस्कार प्रभावित हो रहे हैं और प्रसन्नता दूर हो रही है। बुजुर्ग उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। इसका निदान परिवार के बुजुर्गो के साथ समय देने, संयुक्त रूप से भोजन करने, संयुक्त रूप से घर में धार्मिक कार्य करने से हो जाएगा। पाश्चात्य पहनावा पर डा.शुकदेव ने कहा कि पश्चिमी सभ्यता के पहनावे वास्तव में असभ्य माने जाते हैं, इससे दूर रहकर भारतीय पहनावा और खान-पान हमें गौरव की अनुभूति दिलाते हैं। अतः बहन बेटियां भारतीय पहनावा अपनाएं जिससे वह देवी स्वरूपा दिखेंगी। संबोधन के पूर्व उपस्थित दम्पत्तियों को श्रीफल, सुन्दरकाण्ड पुस्तक, हनुमान चालीसा, दुर्गा चालीसा एवं अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर काशी प्रांत सह संघचालक अंगराज जी, मातृशक्ति आयाम प्रमुख काशी प्रांत डा.नीता सिंह, प्रांतीय टोली सदस्य वैदेही दीदी ने भी अपने अमूल्य विचार रखे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विभाग संघचालक तिलकधारी जी, जिला संघचालक भदोही राजेंद्र जी, सह संघचालक अशोक जी, दया शंकर जी, शिवाकांत जी, विभाग संयोजक कुटुंब प्रबोधन हरिराम तिवारी जी, जिला प्रचारक डा.सुरेश जी, जिला कार्यवाह विष्णु जी, देवी शंकर जी, श्रीकांत, डब्बू सिंह सहित बड़ी संख्या में दम्पत्ति क्षेत्रीय गणमान्य एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।



सजीव प्रसारण के दौरान मौजूद विधायक व अन्य

# बीआरसी ज्ञानपुर में प्रोजेक्टर के माध्यम से धनराशि अन्तरण प्रक्रिया का हुआ सजीव प्रसारण

अखंड भारत संदेश

**ज्ञानपुर।** शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कर कमलों से बेसिक शिक्षा परिषद में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्कूल ड्रेस, स्वेटर, बैग व जूता-मोजा क्रय हेतु डायरेक्ट बेनिफिट के माध्यम से धनराशि अन्तरण प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया। इस अवसर को ऐतिहासिक बनाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञानपुर रवींद्र शुक्ल की अध्यक्षता में ब्लाक संसाधन केंद्र ज्ञानपुर में उपर्युक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य नागरिकों ने प्रतिभाग का कार्यक्रम को देखा और मुख्यमंत्री के द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भदोही रविंद्र नाथ त्रिपाठी समेत श्री शक्ति केंद्र संयोजक भाजपा रहे। वहीं कार्यक्रम में अपना अमूल्य समय देने वाले सभी सम्मानित अतिथियों का खंड शिक्षा अधिकारी रवींद्र शुक्ल द्वारा आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# फार्म में अपमार्जन का कारण लिखने के साथ ही संबंधित को जरूर दें नोटिस :आर्यका अखारी

जिलाधिकारी ने मतदाता पुनरीक्षण एवं पंजीकरण स्थलों का किया निरीक्षण

बूथों पर पर्याप्त मात्रा में फॉर्म 6 रखने का बीएलओ को दिया निर्देश



केंद्र पर बीएलओ से जानकारी लेती जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता अर्हता दिनांक 01 जनवरी, 2022 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं पंजीकरण 2022 हेतु तथा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आज पहला विशेष अभियान दिवस का आयोजन पूरे प्रदेश में किया गया। जिसके क्रम में जनपद में जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने प्राथमिक विद्यालय लखनो, काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर, प्राथमिक विद्यालय मर्यादपट्टी भदोही, गुलाबधर मिश्र इंटर कॉलेज गोपीगंज एवं मदर हलीमा इंटर कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण कर बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

इस दौरान उन्होंने पोलिंग बूथों पर पर्याप्त मात्रा में फॉर्म 6 रखने का निर्देश दिया। उन्होंने ने बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि युवा मतदाताओं एवं महिला मतदाताओं पर विशेष ध्यान देकर फॉर्म भरवाए जाए। जिलाधिकारी ने बीएलओ को कड़े दिशा निर्देश देते हुए कहा कि फार्म में अपमार्जन का कारण जरुर लिखा जाए एवं इसके साथ ही संबंधित को नोटिस जरूर दी जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी ने सभी बूथों पर यह स्पष्ट निर्देश दिए कि जो भी नाम काटा जाए वह जांच के उपरांत ही काटा जाए। गलत तरीके से नाम कटने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2022 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत आलेख्य प्रकाशन 01.11.2021 से 30.11.2021 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जायेगी।



## एनसीबी के बुलावे पर नहीं पहुंचे आर्यन खान, अब नवाब मलिक से पूछताछ करने की तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रूज ड्रग्स केस में जमानत पर बाहर चल रहे आर्यन खान को ठउइ की रक्ळ ने आज पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वे ठउइ ऑफिस नहीं पहुंचे। वानखेड़े को हटाए जाने के बाद टीम को लीड कर रहे ठउइ के ऊळ्ऋ संजय सिंह के मुताबिक आर्यन को शनिवार को ही समन जारी कर दिया गया था। लेकिन वे पूछताछ के लिए ठउइ ऑफिस नहीं पहुंचे। उन्होंने बताया कि अरबाज मर्चेंट और अचित कुमार को भी सवाल-जवाब के लिए समन भेजा गया था। दोनों रविवार को ठउइ ऑफिस पहुंचे थे। सूत्रों के मुताबिक ठउइ जल्द ठउढ नेता नवाब मलिक से भी पूछताछ करेगी। उत्तर प्रदेश में जीका वायरस का कहर दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। रविवार को कानपुर में जीका के 10 नए केस सामने आए हैं। कानपुर सिटी के चीफ मेडिकल ऑफिसर नेपाल सिल ने बताया कि अब तक वढ में आए जीका वायरस के मामलों की संख्या 89 पहुंच गई है।

# कांग्रेस के अध्यक्ष चुनाव से पहले बीजेपी वोटर लिस्ट के हर पन्ने का प्रमुख चुन लेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने चुनाव राज्यों और कमजोर संगठनात्मक ढांचे वाले इलाकों में विस्तार के लिए तीन लक्ष्य तय किए हैं। पार्टी 25 दिसंबर तक देशभर के सभी 104,000 पोलिंग स्टेशन पर बूथ कमिटी का गठन करने का लक्ष्य बना चुकी है। 6 अप्रैल 2022 तक सभी राज्यों में पन्ना प्रमुख नियुक्त कर दिए जाएंगे और मई 2022 तक देश के सभी पोलिंग बूथों पर पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रसारण सुनिश्चित किया जाएगा। एक तरफ जहां बीजेपी हर पन्ने का प्रमुख चुनने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है तो दूसरी तरफ कांग्रेस 2019 के बाद से स्थायी अध्यक्ष नहीं चुन पाई है और संगठन चुनाव उसने अगले साल सितंबर-अक्टूब तक टाल दिया है। इससे पहले कि कांग्रेस पार्टी के एक अध्यक्ष का चुनाव करेगी, बीजेपी लाखों पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति से 2024 लोकसभा चुनाव के लिए अहम पड़ाव हासिल कर चुकी होगी।

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि राजधानी दिल्ली में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ये लक्ष्य तय किए गए हैं। उन्होंने कहा, "गुजरात में पार्टी ने एक प्रयोग



किया, जहां बूथ कमिटी के अलावा पेज कमिटी का भी गठन किया गया। 25 दिसंबर तक सभी बूथ कमिटी तैयार हो जाएगी, अब तक 85 फीसदी का गठन हो चुका है। अब हमारा लक्ष्य सभी पोलिंग स्टेशन पर पन्ना प्रमुख नियुक्त करने का है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि उनकी पार्टी लोगों से संपर्क बढ़ाने और चुनावी अभियान के लिए संभावनाएं बढ़ाने के लिए इन संगठनात्मक इकाइयों पर निर्भर करती है। पीएम मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम को संस्थागत रूप से सभी बूथों पर प्रसारण से पीएम मोदी के संदेशों को जनता तक पहुंचाने की कोशिश है। प्रधान ने कहा, "पीएम मोदी 'मन की बात' के जरिए लोगों से सीधे बात करते हैं और मई 2022 तक सभी बूथों पर इसकी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पूर्व अध्यक्ष अमित शाह की उस बात को दोहराया कि बीजेपी का सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है। प्रधान ने कहा, "2014 में शाह ने नए लक्ष्य तय किए थे। जिनमें से कई हासिल हो चुके हैं, जैसे असम, त्रिपुरा और पूर्वोत्तर में कई राज्यों में जीत।

# अरब सागर में पाकिस्तान की हिमाकत, महाराष्ट्र के मछुआरे की गोली मारकर ली जान

**देवभूमि द्वारका (एजेंसी)।** अरब सागर में गुजरात तट के निकट पाकिस्तान ने बड़ी हिमाकत की है। पाकिस्तानी समुद्री सुरक्षा एजेंसी (पीएमएसए) के कर्मियों ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के पास भारतीय बोट को निशाना बनाकर गोलीबारी की, जिसमें महाराष्ट्र के एक मछुआरे की मौत गई, जबकि दूसरा घायल हो गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना शनिवार को करीब 4 बजे हुई। देवभूमिक द्वारका के एसपी सुनिल जोशी ने कहा, "महाराष्ट्र के ठाणे का एक मछुआरा जो मछली पकड़ने वाली नाव 'जलपरी' पर सवार था, पीएमएसए कर्मियों की गोलीबारी में मारा गया।" उन्होंने बताया कि नाव पर क्रू के 7 सदस्य मौजूद



थे, जिसमें से एक को मामूली चोट आई है। मृतक मछुआरे श्रीधर रमेश छामरे (32) के शव को रविवार को ओखा पोर्ट पर लाया गया। पोरबंदर नवी बंदर पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज की जा रही है। अरब सागर में गुजरात में 12 नौटिकल माइल्स तक की सीमा में होने वाली घटना इसके क्षेत्राधिकार में आती है।

## अकेले पड़े गुरु! एजी के बाद अब सीएम चरणजीत चन्नी ने भी सिद्धू पर किया पलटवार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब कांग्रेस में आंतरिक कलह खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। एक तरफ नवजोत सिंह सिद्धू ने प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा वापस लेते हुए अल्टीमेटम दिया है कि जब तक अटॉर्नी जनरल नहीं हटते हैं, वह जिम्मेदारी नहीं संभालेंगे। वहीं अब सीएम चरणजीत सिंह चन्नी ने इस मामले में चुप्पी तोड़ते हुए लीगल टीम का बचाव किया है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए चरणजीत सिंह चन्नी ने सरकारी कानूनी टीम का समर्थन किया। मुख्यमंत्री ने ड्रग्स जैसे अहम मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने कहा, 'बेअदबी केस में हमारी कानूनी टीम गुरमीत राम रहीम से पूछताछ करने का आदेश हासिल करने में कामयाब रही है। हमारे वकील अदालत में ड्रग्स केस को लेकर भी लगातार लड़ाई लड़ रहे हैं। उम्मीद है कि 18 नवंबर को सील रिपोर्ट खुल जाएगी। नवजोत सिंह सिद्धू ने शुक्रवार को पद से अपना इस्तीफा वापस लेते हुए कहा कि उन्होंने पार्टी को एक अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा, जब तक शीर्ष सरकारी वकील एपीएस देओल को हटाया नहीं जाता, तब तक वह वापस नहीं आएंगे। सिद्धू ने नाराजगी जताते हुए कहा था, जब नया महाधिवक्ता नियुक्त किया जाएगा तो मैं पार्टी कार्यालय जाऊंगा और कार्यभार संभाल लूंगा...सुमेध सैनी के लिए जमानत पाने वाला वकील महाधिवक्ता कैसे हो सकता है और आईपीएस सहोता जैसा व्यक्ति डीजीपी कैसे हो सकता है। सिद्धू ने कहा था कि मैं इन मुद्दों के बारे में नए मुख्यमंत्री को याद दिलाता रहा हूं। ड्रग्स और बेअदबी के मुद्दे को उजागर करने में अग्रणी कौन था यह हमारे अध्यक्ष राहुल गांधी थे. हमें इन मुद्दों को हल करना चाहिए। इधर पंजाब के महाधिवक्ता एपीएस देओल ने भी शनिवार को कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि निहित स्वार्थों और राजनीतिक लाभ के लिए कांग्रेस पार्टी के कामकाज को खराब करने के लिए पंजाब के एडवोकेट जनरल के संवैधानिक कार्यालय का राजनीतिकरण करने का एक ठोस प्रयास किया जा रहा है।

## जहां चुनाव वहीं दबाव अब पंजाब ने भी घटाए पेट्रोल-डीजल के रेट, बाकी जगह इनकार

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब में कांग्रेस की चरणजीत सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर वैट में बड़ी कटौती की है। मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने रविवार को इसका ऐलान करते हुए कहा कि पेट्रोल 10 रुपए प्रति लीटर सस्ता होगा तो डीजल पर 5 रुपए की कटौती की गई है। नई दरें आज आधी रात से लागू होंगी। पंजाब सरकार के इस कदम को आगामी विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है, क्योंकि केंद्र सरकार की ओर से एक्साइज ड्यूटी घटाए जाने के बाद जहां बीजेपी सरकारों ने वैट घटा दिया था तो कांग्रेस शासित राज्यों ने इससे इनकार कर दिया है। पिछले दिनों केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपए प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। मोदी सरकार के कदम के ठीक बाद बीजेपी शासित राज्यों ने भी वैट घटाकर ग्राहकों को राहत दी थी, लेकिन अधिकतर गैर-एनडीए शासित राज्यों ने केंद्र सरकार से और अधिक एक्साइज ड्यूटी घटाने की मांग करते हुए वैट घटाने से इनकार कर दिया था। राजस्थान जैसे कांग्रेस शासित राज्य टैक्स कटौती से इनकार कर चुके हैं, जहां पेट्रोल-डीजल की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर है। राजस्थान की कांग्रेस सरकार वैट घटाने से साफ तौर पर इनकार कर चुकी है। सीएम अशोक गहलोत कह चुके हैं कि राज्य सरकार पेट्रोल और डीजल के दामों पर वैट कम नहीं करेगी। उन्होंने केंद्र सरकार को ही और अधिक टैक्स कटौती की नसीहत दी।

# पंजाब: नवजोत सिंह सिद्धू का अऋदेओल पर पलटवार, कहा- न्याय अंधा है पजाब को लोग नहीं



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के महाधिवक्ता एपीएस देओल की ओर से नवजोत सिंह पर गलत सूचना फैलाने और उनके कामों को बाधित करने के आरोप लगाने के एक दिन बाद रविवार का राज्य कांग्रेस प्रमुख ने पलटवार किया है। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने एपीएस देओल पर 'गंभीर निष्क्रियता' बेअदबी और नशीली दवाओं के मामलों में न्याय को प्रभावित करने का आरोप लगाया। दरअसल, महाधिवक्ता एपीएस देओल ने शनिवार को नवजोत सिंह सिद्धू पर राज्य सरकार और उनके कार्यालय के कामकाज में बाधा डालने और राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया था। जिसके एक दिन बाद रविवार को नवजोत सिंह सिद्धू ने एक के बाद एक कई ट्वीट करते हुए देओल पर पलटवार करते हुए कहा है कि 'न्याय अंधा है लेकिन पंजाब के लोग नहीं हैं।' नवजोत सिंह सिद्धू ने अपने ट्वीट में एक लेटर भी शेयर किया है। नवजोत सिंह सिद्धू ने ट्वीट करते हुए लिखा 'एजी-पंजाब, न्याय अंधा है लेकिन पंजाब के लोग नहीं हैं। हमारी कांग्रेस पार्टी बेअदबी के मामलों में न्याय देने के वादे के साथ सत्ता में आई, जिसमें आप मुख्य साजिशकार्ता-अभियुक्तों के लिए हाई कोर्ट के समक्ष पेश हुए और हमारी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।' एक अन्य ट्वीट में नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा आज आप सत्ता में उसी राजनीतिक दल की सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

नवाब मलिक का नया आरोप : कहा-

# आर्यन खान को किडनैप करने का मास्टरमाइंड है भाजपा नेता मोहित कंबोज, वह वानखेड़े का करीबी

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई क्रूज ड्रग्स मामले में राज्य के अल्पसंख्यक मंत्री और ठउढ नेता नवाब मलिक ने फिर कुछ नए खुलासे किए हैं। उन्होंने रविवार को कहा कि इस ड्रग्स केस का मास्टरमाइंड भाजपा युवा मोर्चा का अध्यक्ष मोहित कंबोज उर्फ मोहित भारतीय है। उसके समीर वानखेड़े के साथ अच्छे संबंध हैं और उनके द्वारा 6 अक्टूबर को वानखेड़े पर आरोप लगाने के बाद दोनों के बीच 7 अक्टूबर को एक कब्रिस्तान के बाहर मुलाकात हुई थी। मलिक ने आरोप लगाया कि मोहित कंबोज पर 1100 करोड़ रुपए की



बैंक धोखाधड़ी का आरोप था। वो पहले कांग्रेस में था, लेकिन सरकार बदलने के बाद वो बीजेपी में शामिल हो गया। मोहित कंबोज ने शनिवार को पीसी की थी और उसमें सुनील पाटिल नाम के शख्स को इस केस का मास्टरमाइंड बताया था। मोहित ने पाटिल को ठउढ नेता बताया था।

मोहित के आरोपों पर मलिक ने कहा कि वह सुनील पाटिल से कभी नहीं मिले और न ही वह ठउढ का कोई नेता है। बता दें कि मोहित ने पाटिल को ठउढ का फाउंडर मेंबर बताया था। इस पर मलिक ने कहा कि पाटिल के फोटो गृहमंत्री अमित शाह के साथ हैं। मनीश भानुशाली के फोटो प्रधानमंत्री के साथ हैं। हम तस्वीरों पर आरोप नहीं लगा रहे हैं। लेकिन सुनील पाटिल भी फ्रॉड है और वानखेड़े की प्राइवेट आर्मी का प्लेयर है।मलिक ने कहा कि ये पूरा मामला अपहरण और फिरौती का है। आर्यन खान खुद टिकट खरीदकर क्रूज पर नहीं गए थे। उन्हें वहां प्रतीक गाबा और आमिर फर्नीचरवाला लेकर आए थे।

# अखिलेश का योगी पर तंज, महंगाई कम करने के लिए सिलेंडर का नाम और रंग बदल सकती है बीजेपी सरकार

**अंबेडकरनगर (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में इंकलाब होगा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 400 सीटों पर हार का सामना करना पड़ेगा। भानुमति स्मारक पीजी कॉलेज में आयोजित जनादेश महारैली को सम्बोधित करते हुए अखिलेश ने कहा कि जनता में भाजपा को लेकर भारी आक्रोश है। भाजपा का सफाया होना तय है। चुनाव में पिछड़ों का इंकलाब होगा और सन् 2022 में बड़ा बदलाव होगा। बदलाव का संदेश पूरे देश में जा रहा है। जनता 400 सीटों पर भाजपा को हरा देगी। इस अवसर पर बसपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री लालजी वर्मा एवं रामअचल राजभर ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अखिलेश ने सपा सरकार में महंगाई से निजात दिलाने और बुनकरों-गरीबों को बिजली दरों में राहत दिलाने का भरोसा दिया। बुनकरों को फ्लैट रेट पर बिजली मिलेगी। पुरानी पेंशन बहाल करेंगे। उन्होंने



कहा कि डॉ राम मनोहर लोहिया और डॉ भीमराव अम्बेडकर की विचारधाराओं पर चलने से ही समता मूलक समाज के निर्माण का सपना पूरा हो सकता है।

उन्होंने देश की राजनीति में परिवर्तन लाने की कोशिश की थी। आज जाति-धर्म में बांटने का प्रयास हो रहा है। हमें लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। भाजपा जहां चुनाव हारी है वहां कीमतों में कमी आई है। भाजपा यूपी में हारेगी तो यहां भी महंगाई कम हो जाएगी।

उन्होंने कहा गरीबों के हित में समाजवादी सरकार की जितनी अच्छी योजनाएं थी वह सब भाजपा सरकार ने बंद कर दी। लाल सिलेण्डर बांटने वालों ने इसके दाम आसमान तक चढ़ा दिए हैं। हो सकता है महंगाई कम करने को सिलेण्डर का नाम और रंग बदल दे भाजपा सरकार। पेट्रोल 100 के पार है। इस सरकार में बिजली के बिल का करंट गरीबों को लग रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने समाज के सभी वर्गों के साथ अन्याय किया है। किसानों को बर्बाद किया है। भाजपा की तीन इंजन की सरकार यानी केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और लखीमपुर खीरी के मंत्री सभी ने किसानों को कुचलने का काम किया है। किसान की आय दुगनी नहीं हुई। मानवाधिकार आयोग ने पुलिस हिरासत में हुई मौतों पर सबसे ज्यादा नोटिसें यूपी सरकार को दी।

## नवंबर में तीन बार यूपी आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई मेगा प्रोजेक्ट का देंगे तोहफा

**लखनऊ (एजेंसी)।** विधानसभा चुनाव की डुगडुगी बजने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूपी में कई मेगा परियोजनाओं को जनता को सौंपने जा रहे हैं। साथ ही वह कई महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट की आधारशिला भी रखेंगे। पूर्वांचल के साथ-साथ पश्चिमी यूपी को इस तरह की कई सौगात मिलने जा रही हैं। करीब एक हफ्ते बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यूपी दौरा होगा और उसके बाद अगले 45 दिन तक उद्घाटन, लोकार्पण व शिलान्यास जैसे आयोजनों की झड़ी लग जाएगी। इसमें बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे व काशी विश्वनाथ मंदिर कारीडोर जैसी सौगात दी जाएंगी। वहीं गंगा एक्सप्रेसवे, जेवर एयरपोर्ट, फिल्म सिटी जैसे मेगा प्रोजेक्ट की आधारशिला भी प्रधानमंत्री रखेंगे।

# गाजियाबाद में रिश्ते हुए शर्मसार, दिवाली की रात चाकू की नोंक पर नशेड़ी बेटे ने किया मां से बलात्कार

**गाजियाबाद (एजेंसी)।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद में दिवाली की रात एक कलियुगी बेटे द्वारा मां-बेटे के पवित्र रिश्ते को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि शराब और मादक पदार्थ के नशे के आदी एक युवक ने दिवाली की रात अपनी मां की गर्दन पर चाकू रखकर उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस ने शनिवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित महिला की ओर से इस घटना की शिकायत दिए जाने के बाद पुलिस द्वारा आरोपी युवक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, गाजियाबाद के टीला मोड़ थाना क्षेत्र की एक झुग्गी बस्ती में गुरुवार रात को यह शर्मनाक घटना घटी, जिसमें आरोपी युवक शराब के नशे में अपने घर पहुंचा था और उसने चाकू की नोंक पर अपनी मां के साथ दुष्कर्म किया।


पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह ने महिला की शिकायत के हवाले से कहा कि घरों में काम करने वाली महिला ने अपने बेटे की हरकत का विरोध किया, लेकिन चाकू के दबाव में उसके बेटे ने दुष्कर्म किया।

## शर्मनाक : 60 साल के दादा ने आठ वर्षीय बच्ची से किया दुष्कर्म

**बलिया (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बलिया में आठ साल की बच्ची के साथ उसके रिश्ते के 60 वर्षीय दादा द्वारा कथित रूप से दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी दादा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपाधीक्षक शिव नारायण वैस ने रविवार को बताया कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शनिवार रात्रि एक बालिका के साथ उसके रिश्ते के दादा रघुवंशी राम ने कथित तौर पर बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि रघुवंशी राम ने प्रलोभन देकर बालिका को अपने घर बुलाया तथा उसके साथ गलत काम किया। वैस ने बताया कि बालिका के पिता की शिकायत पर आज रसड़ा कोतवाली में रघुवंशी राम के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा-376 (दुष्कर्म) व लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम की सुसंगत धारा (पाक्सो एक्ट) के तहत नामजद मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# यूएई में गैर मुस्लिमों की शादी को मंजूरी, अबू धाबी में बनेगी नई अदालत


**अबू धाबी (एजेंसी)।** मुस्लिम राष्ट्र संयुक्त अरब अमीरात(यूएई) ने गैर मुस्लिमों को शादी, तलाक और बच्चे को गोद लेने संबंधी अधिकार देने की अनुमति दे दी है। इसके लिए यूएई बाकायदा एक नया कानून लेकर आ रही है। अभी तक यूएई में शरिया कानून के तहत ही शादी की अनुमति थी। अन्य मुस्लिम देशों की तुलना में संयुक्त अरब अमीरात का ये नवीनतम और ऐतिहासिक कदम है। खाड़ी राष्ट्र संयुक्त अरब अमीरात ने अपने देश में रह रहे गैर मुस्लिम लोगों को सौगात देते हुए उन्हें अपने रीति-रिवाज से शादी करने की अनुमति दे दी है। इतना ही नहीं इसके लिए यूएई जल्द ही एक अदालत शुरू करेगी, जिसमें गैर मुस्लिमों के विवाह को मंजूरी मिल सके। यूएई की समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम के मुताबिक, गैर-मुसलमानों को संयुक्त अरब अमीरात में नागरिक कानून के तहत शादी, तलाक और बच्चों को गोद लेने



संबंधी सभी अधिकारों की अनुमति दी जाएगी। यह संयुक्त अरब अमीरात में नवीनतम और ऐतिहासिक कदम है। इससे पहले अन्य खाड़ी देशों की तरह यूएई में शादी और तलाक इस्लामी शरिया सिद्धांतों के आधार पर ही होते थे। अबू धाबी के शेख खलीफा बिन जायद अल-नाहयान(यूएई महासंघ के अध्यक्ष) द्वारा जारी फरमान में कहा गया है कि इस नए कानून में नागरिक विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता, संयुक्त बाल हिरासत और पितृत्व का प्रमाण और विरासत शामिल है। डब्ल्यूएएम के मुताबिक, इस कानून का उद्देश्य अन्य खाड़ी देशों के मुकाबले यूएई की स्थिति को वैश्विक मंच पर बढ़ावा देना है। रिपोर्ट के अनुसार, यूएई ने गैर-मुस्लिम पारिवारिक मामलों के लिए बनाए गए नए नागरिक कानून को दुनिया के समक्ष एक नई पहल बताया है। गैर-मुस्लिम पारिवारिक मामलों को निपटाने के लिए अबू धाबी में एक नई अदालत की स्थापना की जाएगी।

# इराकी पीएम के घर पर ड्रोन से धमाका, बाल-बाल बचे मुस्तफा अल-कदीमी; कई घायल

**बगदाद (एजेंसी)।** इराक के प्रधानमंत्री मुस्तफा अल कदीमी के आवास पर विस्फोटक से भरा ड्रोन हमला हुआ है। यह हमला रविवार सुबह होने की खबर है। हालांकि, इराकी पीएम इस हमले में बाल-बाल बच गए हैं। इराकी सेना ने इसे पीएम की हत्या की कोशिश बताया है। हालांकि, अल अरबिया की खबर के मुताबिक, इस हमले में कुछ लोग घायल हुए हैं। इराकी सेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि यह हमला कदीमी के बगदाद स्थिति आवास के ग्रीन जोन को निशाना बनाकर किया गया। हालांकि, सेना की ओर से फिलहाल कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी गई है। दो अन्य



सरकारी अधिकारियों ने बताया कि कदीमी के आवास पर विस्फोटक से भरे ड्रोन से हमला किया गया। दोनों ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को यह भी जानकारी दी कि हमले में प्रधानमंत्री कदीमी बाल-बाल बच गए हैं। वहीं, कदीमी ने हमले के बाद ट्वीट किया है कि वह सुरक्षित हैं। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील भी की है। अभी तक किसी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। प्रधानमंत्री आवास के ग्रीन जोन इलाके में सरकारी इमारतें और विदेशी दूतावास हैं। यहां रहने वाले पश्चिमी देशों के राजदूतों ने बताया कि उन्होंने धमाकों और गोलीबारी की आवाज सुनी। बता दें कि ईरान के साथ मिलकर सशस्त्र समूहों ने हाल के हफ्तों में ग्रीन जोन के पास बीते महीने आए संसदीय चुनावों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करिया था।

## जलवायु सम्मेलन में दुनिया को बचाने के लिए हुए ये 5 अहम फैसले, वैज्ञानिक हुए खुश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस बार 26वें कॉप सम्मेलन में दुनियाभर के नेताओं ने जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए बड़े-बड़े वादों वाली कई घोषणाओं की झड़ी लगा दी। इनमें बिजली बनाने के लिए कोयले के प्रयोग में कमी लाना, वनों की कटाई को रोकने जैसी सुर्खियां बटोरने वाले वादे शामिल हैं। इस बार सम्मेलन के पहले दो दिन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे दुनिया के बड़े नेताओं ने इसमें शिरकत कर बड़ी घोषणाएं कीं। जलवायु वार्ता में विशेषज्ञ और रिंगो (अनुसंधान और स्वतंत्र गैर-सरकारी संगठन) का हिस्सा बेथ मार्टिन कहते हैं कि पहले के कॉप सम्मेलन और इस बार में यही बड़ा अंतर है।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम

पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

आरएनआई नं. UPHIN 2001/9025